

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -56 जबलपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल पास, अमित शाह बोले

## ये देश कोई धर्मशाला नहीं है, रोहिंग्या-बांग्लादेशियों से सख्ती से निपटेंगे

नई दिल्ली.(आरएनएस)। लोकसभा में आज इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया. बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि रोहिंग्या हों या बांग्लादेशी. यदि भारत को नुकसान पहुंचाने की मानसिकता के साथ आते हैं तो उनके साथ बड़ी ही सख्ती के साथ पेश आया जाएगा. ये देश कोई धर्मशाला नहीं है.

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने आगे कहा कि यदि कोई योगदान देने के लिए आता है तो उसका स्वागत है. इस नीति में उदारता के साथ कठोरता की भी जरूरत है. भारत में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों का अपडेट रखा जाएगा. वे किस रास्ते से आ रहे हैं, कहां रुक रहे हैं, क्या कर रहे हैं. इसकी जानकारी अपडेट की जाएगी. यह बिल लोकसभा में 11 मार्च को पेश किया गया था. इस पर सत्ता और विपक्ष के 30 सांसदों ने अपनी बात रखी. 2005 में पांच देशों को पर्यटन वीजा ऑनलाइन देने की सुविधा शुरू की गई थी. 2010 तक सात और 2014 तक 10 देशों तक ये सेवा शुरू की गई. इसको 169 देशों तक बढ़ाने का काम हमने किया है. गृह मंत्री ने कहा कि अब तक एजेंसियां विदेशियों को ब्लैक लिस्ट करती थीं. इसका कोई औचित्य नहीं था. इमिग्रेशन और फॉरेनर्स बिल 2025 कानून 36 धाराओं में है.

इसमें पूरे प्रोसेस को कानूनी रूप दिया गया है. सारे एक्शन इसी हिसाब से होंगे. कोई विदेशी एयरपोर्ट या बंदरगाह की जगह कहीं से आएगा तो उसे गैरकानूनी माना जाएगा. श्री शाह ने कहा कि हमारी



सीमा पर कुछ संवेदनशील स्थान हैं. सेना के अड्डे हैं, उनको दुनियाभर के लिए खुले नहीं छोड़ सकते थे. पहले भी घुसपैठियों को रोका जाता था, लेकिन तब इसका नियम नहीं था. हममें हिम्मत है नियम बनाकर रोकने की. पूरी व्यवस्था को वैज्ञानिक तरीके से एक कानून में बांधने का काम किया गया है. गृहमंत्री श्री शाह ने यह भी कहा कि विदेशी यात्रियों की सुविधा के लिए हमने 73 प्रतिशत अप्रवासन चौकियां बढ़ाई हैं. 2024 में आठ करोड़ 12 लाख आवाजाही हुई है. फास्टैग अप्रवासन यात्री कार्यक्रम हमने आठ एयरपोर्ट पर लागू किया है. जिसमें यात्रियों की जांच में 30 सेकंड समय लगेगा. एक-एक श्रेणी के वीजा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने विदेशियों के आने को सुविधाजनक बनाया है. हम रोकना उनको ही चाहते हैं जिनके विचार ठीक नहीं है.

**शाह ने बिल पर चर्चा का जबाव दिया-**

-पासपोर्ट एक्ट में पासपोर्ट-वीजा की आवश्यकता को पुख्ता करेगा, विदेशियों के पंजीकरण को और पुख्ता करेगा.

-इस कानून में डेटा मैनेजमेंट और वेरिफिकेशन की जटिलता को समाप्त किया गया है.

-ये हमारी प्रणाली को आसान करेगा, विश्वसनीय भी बनेगा. तीन साल के गहन विचार के बाद इसे डिजाइन किया गया है.

-अप्रवासियों के लिए अभी 4 अधिनियमों में कई व्यवस्थाएं छिटपुट है. अब ये एक विधेयक 4 अधिनियमों को निरस्त करके एक कानून का रूप देने का काम करेगा.

-सुरक्षा की दृष्टि से ड्रग्स कार्टल, घुसपैठियों की कार्टल, हवाला व्यापारियों को समाप्त करने की व्यवस्था हम इस विधेयक में कर रहे हैं.

-अप्रवास अधिनियम 2002 को भी थोड़ा परिवर्तन करके इसमें समाहित किया गया है.


-अप्रवासियों से जुड़े कानून 1920, 1930 व 1946 ब्रिटेन की संसद में बने थे. भारत का कानून अब भारत की नई संसद में बन रहा.

## लोकसभा में बिग बॉस पर तत्काल लगाई जाए रोक, एमपी के सांसद ने उठाया मुद्दा

नई दिल्ली.(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनिल फिरोजिया ने आज लोकसभा में कहा कि टेलीविजन के मशहूर रियलिटी शो बिग बॉस पर तत्काल रोक लगाई जाए. क्योंकि इसमें अश्लीलता व अभद्र को बढ़ावा दिया जा रहा है जो समाज के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. मध्य प्रदेश के उज्जैन से लोकसभा सदस्य फिरोजिया ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया.

लोकसभा में आज जहां विपक्षी शिवसेना (उबाठा)द्ध के एक सदस्य ने देशभर में सड़कों व राजमार्गों के निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की प्रशंसा की तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी सड़क परिवहन मंत्री की सराहना करते हुए टिप्पणी की. सदन में प्रश्नकाल में महाराष्ट्र के परभनी से शिवसेना (उबाठा) के सदस्य संजय जाधव ने गडकरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र के ऐसे सुपुत्र हैं जिन्होंने देशभर में सड़कों पर बहुत काम किया है. संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में आज दोनों सदनों में सामान्य कामकाज देखने को मिला. हालांकि राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद के आवास के बाहर तोडफ़ोड़ का मुद्दा उठा. उस दौरान विपक्ष का हंगामा देखने को मिला. राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री राहत कोष को लेकर सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाने के लिए केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव को खारिज कर दिया. जज कैश विवाद को लेकर कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने संसद में स्थगन प्रस्ताव पेश किया. दिल्ली हाईकोर्ट की अनुमति के बाद सांसद इंजीनियर राशिद संसद पहुंचे.

## एमपी के सिंगरौली में भूकंप, लोगों ने महसूस किए झटके, तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 रही, सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए




सिंगरौली.(आरएनएस)। एमपी के सिंगरौली में आज दोपहर के वक्त आए भूकम्प ने लोगों में हड़कम्प मचा दी. झटके महसूस होते ही लोगों में अफरातफरी मच गई. भूकम्प विज्ञान केन्द्र के अनुसार तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गई. भूकंप का झटका दोपहर 3.07 बजे आया. भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था.

भूकंप के झटके सिंगरौली के साथ आसपास के जिलों में भी महसूस किए गए. इनमें सीधी, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर व छत्तीसगढ़ के कुछ जिले शामिल हैं. कई लोग परिवारों सहित घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए. हालांकि कुछ लोगों को धरती की कंपन का अहसास नहीं हुआ. जिला प्रशासन के अनुसार भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है. विशेषज्ञों के अनुसार रिक्टर स्केल पर 3.7 तीव्रता वाले भूकंप को हल्के दर्जे का माना जाता है. इस तीव्रता में नुकसान की संभावना बहुत कम होती है. इससे पहले 17 फरवरी को सुबह 8.02 बजे भी सिंगरौली में भूकंप आया था. उस समय भूकंप की तीव्रता 4.0 थी जिसका केंद्र 261 किलोमीटर की गहराई में था. डेढ़ महीने में दूसरी बार भूकंप आने से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है.

## दो हजार बहनों के सामूहिक विवाह में शामिल होना अदभुत अनुभव- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि झाबुआ में एक साथ लगभग दो हजार जोड़ों के सामूहिक विवाह में शामिल होने का आनंद अदभुत और अविस्मरणीय है। उन्होंने नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सभी के मंगलमय और सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्य जीवन के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण संस्कार गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण संस्कार है। इसमें 7 फेरों से 7 वचनों को पूरा कर सात जन्मों तक बंधन में बंधते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन में शामिल जोड़ों को विवाह और



निकाह की बधाई देते हुए सभी के जीवन में खुशियों की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव झाबुआ में सामुहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में 11 जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से 49-49 हजार की राशि के चेक भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले के निवासियों को सौगात देते हुए कहा कि राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या के निराकरण के लिए भांडाखेड़ा बैराज, नागन खेड़ी, गलती, छायण, झालरवा, बुदाशाला और कल्लीपुरा में बैराज बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध झाबुआ में मेडिकल कॉलेज भी बनाया जायेगा। झाबुआ के विकास के लिये सभी कार्य किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में सभी वर्गों का विकास समाहित है। किसी भी वर्ग को विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहने दिया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप सबका साथ लेकर सबका विकास किया जायेगा, जिसमें सबके प्रयास और सबका विश्वास शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के सशक्तिकरण के लिये राशि प्रदान की जा रही है। किसानों का गेहूँ 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से उपार्जित किया जा रहा है। धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर 4 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जा रहे हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी और लेपटॉप प्रदाय किये जा रहे हैं।

## ताजा उग्रवादी समूह अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके जम्मू कश्मीर में घुसा! कठुआ मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी घायल

### चार दिनों से चल रहा है तलाशी अभियान




जम्मू.(आरएनएस)। कश्मीर के कठुआ जिले में गुरुवार को आतंकवादियों के साथ हुई ताजा मुठभेड़ में एक पुलिस उपाधीक्षक सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। यहां पिछले चार दिनों से व्यापक आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद आज सुबह कठुआ के जुथाना इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। जम्मू.कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने रविवार शाम को पहली बार देखे गए एक आतंकवादी समूह से संपर्क फिर से स्थापित किया।

आज सुबह उस समय गोलीबारी शुरू हो गई जब सुरक्षा बलों ने राजबाग के घाटी जुथाना इलाके में जाखोले गांव के पास आतंकवादियों को देखाए जो हीरानगर सेक्टर में रविवार को हुई मुठभेड़ के घटनास्थल से करीब 30 किलोमीटर दूर है। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक अधिकारी समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गएए जबकि अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि उस इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है जहां सुरक्षा बलों और संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों के बीच गोलीबारी जारी है। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी वही समूह हैं जो पिछले रविवार ;23 मार्चद्ध शाम को जिले के हीरानगर सेक्टर में मुठभेड़ के बाद भाग निकले थे।

लगभग आधा दर्जन आतंकवादियों के एक समूह को सबसे पहले एक स्थानीय दंपति गणेश और उनकी पत्नी ज्योति ने देखाए जो जलाऊ लकड़ी इकट्ठा कर रहे थे। चूंकि यह गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित हैए इसलिए माना जा रहा है कि आतंकवादी एक नया समूह है जो सीमा पार से आया है। पिछले पांच दिनों सेए जम्मू.कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में सुरक्षा बल और पुलिस लगातार हीरानगर सेक्टर के विभिन्न इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। मंगलवार कोए उन्होंने अपने खोज क्षेत्र का विस्तार किया।

### तकनीकी खराबी के कारण आगरा में आपात स्थिति में उतारा गया मुख्यमंत्री का विमान



उत्तर प्रदेश- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आगरा से लेकर आ रहे विमान को तकनीकी खराबी के कारण आपात स्थिति में उतारना पड़ा। इस खराबी के कारण मुख्यमंत्री को लखनऊ रवाना होने में दो घंटे की देर लगी। आदित्यनाथ बुधवार को राज्य में अपनी सरकार की आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए आगरा गये थे। एक पुलिस अधिकारी ने पीटीआई- को बताया, कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आगरा के खेड़ा हवाई अड्डे से रवाना होना

### खाने में जहर का संदेह, मामले की जांच जारी

## लखनऊ पुनर्वास गृह में 4 बच्चों की मौत, 20 से यादा बीमार

लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ के पैरा इलाके में स्थित एक सरकारी पुनर्वास केंद्र में कथित तौर पर विषाक्त भोजन करने से चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य बीमार हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस केंद्र के करीब 20 बच्चे मंगलवार शाम अचानक बीमार पड़ गए जिन्हें लोक बंधु राज नारायण संयुक्त अस्पताल ले जाया गया। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी. ने बताया, ''इस आश्रय गृह की दो लड़कियों और दो लड़कों समेत कुल चार बच्चों की मौत हुई है। इनकी उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और इनके विसरा संरक्षित रखे जाएंगे।'' अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार दीक्षित ने बृहस्पतिवार को बताया, ''पुनर्वास केंद्र से करीब 20 बच्चे मंगलवार शाम इस अस्पताल में लाए गए। ये सभी



बच्चे मानसिक रूप से कमजोर हैं। सभी प्रयासों के बावजूद दो बच्चों की मौत हो गई।'' डॉ. दीक्षित ने कहा कि गंभीर रूप से बीमार दो बच्चों को एक दूसरे सरकारी अस्पताल के लिए रेफर किया गया है और शेष 16 बच्चों की हालत में सुधार हो रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न अस्पतालों में भर्ती बच्चों के अलावा, शेष बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए एक मेडिकल टीम भी आश्रय गृह भेजी गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा पेड़ काटना हत्या से भी जघन्य अपराध है, 454 पेड़ काटने पर 4.54 करोड़ रुपए जुर्माना, हर पेड़ के एक लाख रुपए देना होगे



नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश स्थित ताज ट्रैपेजियम ज़ोन में अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई के मामले में सख्त रुख अख्तियार करते हुए एक बिजनेसमैन पर हर पेड़ के बदले एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया. इस व्यापारी पर कुल 454 करोड़ पेड़ काटने का आरोप है. इस हिसाब से उसे 4 करोड़ 54 लाख रुपये की कुल रकम बतौर जुर्माना देनी होगी. इस मामले में कोर्ट ने कहा कि यह अपराध तो किसी की हत्या से भी ज्यादा जघन्य है. ऐसे लोगों के साथ कोई दया भावना नहीं बरती जा सकती, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं. जस्टिस अभय एस ओका व जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि बिना अनुमति के 454 पेड़ काटना निंदनीय है. इस हरित क्षेत्र को फिर से बनाने में कम से कम 100 साल लगेंगे. यह 2015 से लागू कोर्ट के प्रतिबंध का खुला उल्लंघन है. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा. केंद्रीय सशक्त समिति (सीईसी) की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 18 सितंबर की रात को वृंदावन चटीकारा रोड पर डालमिया फार्म नामक निजी जमीन पर 422 पेड़ और उससे सटी सड़क किनारे संरक्षित वन क्षेत्र में 32 पेड़ अवैध रूप से काटे गए.

## झारखंड में अनिल टाइगर की हत्या का विरोध रास्ते बंद टायर जले स्कूलों की छुट्टी विधानसभा के बाहर बीजेपी का जोरदार प्रदर्शन

नई दिल्ली।(आरएनएस)। झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी नेता अनिल महतो टाइगर की हत्या के बाद गुरुवार ;27 मार्चद्ध को विरोध में झारखंड बंद है। वहींए नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीजेपी नेता चंपई सोरेन समेत भाजपा के अन्य नेताओं ने भी इस प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया है। झारखंड में खराब कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इसी के साथ आरोपियों को सूली पर



भी चढ़ाने की मांग हो रही है। सोरेन सरकार से झारखंड में योगी मॉडल लागू करने को कहा हाथों में बैनर लिए जोरदार प्रदर्शन बीजेपी के नेताओं ने अपने.अपने हाथों मे बैनर लिए जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें लिखा था. श्हेमंत सोरेन की सरकार हत्यारी सरकारश्ए श्झारखंड में हत्या का सिलसिला कब खत्म होगाघ्श्ए श्अनिल टाइगर के हत्यारों को अविलंब फांसी दोश। साथ हीए नेताओं ने श्हेमंत सोरेन हाय हायश् के खूब नारे लगाए। कानून व्यवस्था पर चंपई सोरेन का सवाल भाजपा नेता चंपई सोरेन ने कहा कि हर दिन लूटए डकैती और हत्या की घटनाएं हो रही हैं। यह जंगल राज है। यहां ;झारखंड मेंद्ध कानून.व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। रांची में रास्ते बंद बीजेपी नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में आज रांची में रास्ते बंद हैं। स्कूलों की भी छुट्टी कर दी गई है। बीजेपी के कार्यकर्ता बीजेपी का झंडा लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। टायर जलाकर भी प्रोटेस्ट किया जा रहा है।

ओडिशा-(आरएनएस)। महिलाओं के खिलाफ अपराध और इस मुद्दे को उठाने के बाद 14 कांग्रेस विधायकों को सदन से निलंबित करने के मुद्दे पर ओडिशा विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए। ओडिशा पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया

### 8 बच्चों को दूसरी यूनिट में किया शिफ्ट

## अशोकनगर जिला अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड के एसी में धमाका

अशोकनगर।(आरएनएस)। अशोकनगर जिला अस्पताल में गुरुवार को एसएनसीयू वार्ड के एसी में ब्लास्ट हो गया। एसी के पास से निकली ऑक्सीजन लाइन इसमें टूट गई। धमाके के बाद अफरा-तफर के बीच नर्सिंग स्टॉफ ने बच्चों को दूसरी यूनिट में शिफ्ट किया। वार्ड में 8 बच्चे भती थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार और सिविल सर्जन ने वार्ड का निरीक्षण किया और फिर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जानकारी के



मुताबिक डीपी पर लोड ज्यादा आने की वजह से अस्पताल का एसी फट गया था। एसडीएम बृजबिहारी श्रीवास्तव और सिविल सर्जन डॉ. डीके भार्गव के अनुसार एससी फटने का कारण इलेक्ट्रिक फाल्ट है। गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग की वजह से एससी में धमाका होने की आशंका जताई जा रही है।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना माढ़ोताल में सुबह राजकुमार चौकसे उम्र 60 वर्ष निवासी कठौंदा आदि नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसाानी करता है वह अपने निर्माणाधीन मकान जिसमें फिटिंग तार, स्ट्राटर, नल, बल्व रखे हुये थे मकान में दरवाजा एवं खिड़की नही लगे हुये है दोनों मकान में गेट लगा हुआ है जो उपरोक्त दोनों मकानों के गेटों का ताला खोला एवं अंदर जाकर देखा मकान में रखे फिटिंग तार, स्ट्राटर, नल एवं बल्व नहीं थे कोई अज्ञात चोर गेट के उपर से कूंदकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 305( ए ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# संगठन संघर्ष वर्ष 2025 के तहत कांग्रेस का वार्ड भ्रमण अभियान सुदर्शन वार्ड, रांझी में संपन्न





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के आह्वान पर संगठन संघर्ष वर्ष 2025 के अंतर्गत जबलपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित वार्ड भ्रमण अभियान आज दिनांक 27 मार्च 2025, बुधवार को सुदर्शन वार्ड, रांझी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत रांझी बड़ा पत्थर से प्रातः 10:00 बजे हुई, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस अभियान के दौरान कांग्रेस जनों ने क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से अवगत कराया। इस अभियान के तहत वार्ड में रहने वाले प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के घर भी पहुंचे। उन्होंने मुलाकात कर उनका हालचाल जाना, सुख-दुख साझा किए और उनके संघर्ष व योगदान को सम्मान दिया। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान कांग्रेस परिवार की एकजुटता और आपसी सहयोग की भावना को और बल मिला। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया तथा जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का आश्वासन दिया। वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों का सकारात्मक समर्थन प्राप्त हुआ, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि कांग्रेस पार्टी जनता के बीच अपनी मजबूत पकड़ बना रही है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर सभी कांग्रेस जनों और नागरिकों का आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। आज के वार्ड भ्रमण के कार्यक्रम के दौरान रवीन्द्र कुशवाहा ,नेम सिंह ,हुकुमचंद जैन ,जगत्मणि चतुर्वेदी ,बंटी मरावी ,राजा बाँशकर ,जग्गू विश्वकर्मा ,राजकुमार सोनी ,राजू कनौजिया ,संजय जैन ,कमलेश चौधरी ,धर्मेंद्र पटेल ,तेजी लाल ,नवीन खन्ना ,निर्मला खन्ना ,भगवती भूमिया ,मुकेश पटेल ,मनीषा ,उमाशंकर गुप्ता,राजेश सोनी ,नीलू केवट ,पिंकी ,प्रतिमा ,विष्णु बर्मन ,दुर्गा केवट ,मनोज सोनी ,मनीष सोनी ,फूलमति धुर्वे ,राजा पटेल,कदरा बेगम ,पप्पू सोनकर ,बसंत बैन,अखिलेश सूर्यवशी ,बबलू ख़ान ,योगिता विश्वकर्मा आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## 12-12 ट्रिप चलाई जाएगी रानी कमलापति-हडपसर (पुणे)-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु समर में भीड़ को कम करने के लिए रेल प्रशासन द्वारा रानी कमलापति-हडपसर (पुणे)-रानी कमलापति के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 12-12 फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति स्टेशन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होकर नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गंतव्य को जायेगी। स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे। गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति से हडपसर (पुणे) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार दिनाँक 10 अप्रैल एवं 26 जून 2025 तक रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 08:35 बजे प्रारम्भ होकर नर्मदापुरम 09:33 बजे, इटारसी 10:00 बजे, हरदा 10:58 बजे पहुँचकर, भुसावल दोपहर 14:35 बजे होते हुए औरशुक्रवार मध्य रात्रि 00:30 बजे हडपसर (पुणे) पहुँचेगी ।

गाड़ी संख्या 01668 हडपसर (पुणे)से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार दिनाँक 11 अप्रैल एवं 27 जून 2025 तकहडपसर (पुणे) स्टेशन से प्रातः 06:30 बजे प्रारम्भ होकरभुसावल दोपहर 14:35 बजे पहुँचकर हरदा रात 19:03 बजे, इटारसी 21:00 बजे, नर्मदापुरम 21:28 बजे और उसी दिन रात्रि को 22:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। ठहराव- यह गाड़ी रास्ते में दोनों तरफ नर्मदापुरम, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, मनमाड़, कोपरगाँव, अहमदनगर एवं दौड़ कॉर्ड लाइन स्टेशनों पर रुकेगी।

नोट- रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी वेबसाइट से दिनाँक 28 मार्च 2025 से इस स्पेशल ट्रेन के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं वेबसाइट से ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

## मुस्लिम विकास परिषद ने कराया चौथी बार रोज़ा अफ्तार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते मप्र मुस्लिम विकास परिषद की जबलपुर यूनिट द्वारा 24वे रोज़े को चार खम्बा स्थित बरिया तले रोड में चौथी बार रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया गया। परिषद के हाजी ताज मोहम्मद व हाजी गुलाम एजाज़ साबरी के संयोजन में तथा जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, पत्रकार अशफाक आरिफ़, समाजसेवी फैजान क़ुरैशी, इरफान क़ुरैशी, जावेद मिर्जा की अतिथि में आयोजित परिषद के चौथे अफ्तार में बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा की और देश में अमन शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआएं की। रोज़ा अफ्तार में मुस्लिम विकास परिषद के शाहिद क़ुरैशी, तारिक क़ुरैशी, जिया उल हक अंसारी, इकबाल चांद खां, अशरफ क़ुरैशी, मेहताब अली, लियाकत जावेद, खालिद क़ुरैशी, मुज्जफर क़ुरैशी, साजिद काजी, गुलाम किबरिया, अहमद रज़ा, इस्लाम अली, नोशाद खलीफा, एड. अय्यूब अंसारी, मुजीब अंसारी, मुनीर अंसारी, निसार मंसूरी, सोहेल खान, असीम राजा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## ऑल इंडिया लीनेस जबलपुर क्लब द्वारा होली मिलन एवं रैंप वॉक सेलिब्रिटी लुक में किया गया





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ऑल इंडिया लीनेस जबलपुर क्लब द्वारा होली मिलन एवं रैंप वॉक सेलिब्रिटी लुक में किया गया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से हुई जिसमें श्रीमती मंगला सिंघाई श्रीमती श्रद्धा साहू जी श्रीमती सुनीता जाटव जी उपस्थित रही कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन द्वारा किया गया कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के गेम खेले गए फूलों की होली का आयोजन किया गया एवं बहुत सारी डांस मस्ती की गई कार्यक्रम में सहयोग अरुणा विश्वकर्मा , सचिव अर्चना साहू,कोषाध्यक्ष अर्पिता ओसवाल जी का रहा कार्यक्रम में गरिमा कोमल गर्ग,सुषमा साहू, कंचन विश्वकर्मा ,कंचन शर्मा कल्पना नामदेव,शालिनी जैन, रचना जैन, निधि जैन , वर्षा सिंह ,विद्या जैन,सुषमा,सुनीता बर्नीवाल जी का रहा

## एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता प्रवीण गार्गव आज होगें सेवानिवृत्त



जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत श्री प्रवीण गार्गव 39 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। टेस्टिंग के विशेषज्ञ इंजीनियरों में से एक श्री गार्गव ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल एवं मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

## एम पी ट्रांसको के कार्मिक आज होगें सेवानिवृत्त



जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के कार्यालय सहायक श्री अशोक कुमार मिश्रा, 33 वर्षों की सेवा के उपरांत एवं सहायक मानचित्रकार श्री भैरों प्रसाद साहू 39 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## रानी कमलापति-सहरसा के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन जबलपुर होकर चलेगी 13-13 ट्रिप

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01663/01664 रानी कमलापति-सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 13-13 ट्रिप चलाई जा रही है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव लेकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को दिनांक 07 अप्रैल से 30 जून 2025 तक रानी कमलापति स्टेशन से सायं 16:30 बजे प्रस्थान कर, 17:40 बजे नर्मदापुरम, 18:15 बजे इटारसी, 19:20 बजे पिपरिया, 19:50 बजे गाडरवारा, 20:50 नरसिंहपुर, रात 22:00 बजे जबलपुर, 23:30 बजे कटनी, अगले दिन मध्य रात्रि 00:20 बजे मैहर, मध्य रात्रि 00:50 बजे सतना और मंगलवार दोपहर 15:15 बजे सहरसा स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01664 सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार दिनांक 08 अप्रैल से 01 जुलाई 2025 तक सहरसा स्टेशन से सायं 18:30 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन सुबह 11:30 बजे सतना, 11:58 बजे मैहर,12:45 कटनी, दोपहर 14:25 बजे जबलपुर, 15:33 बजे नरसिंहपुर, 16:00 बजे गाडरवारा, 16:38 बजे पिपरिया, 18:35 बजे इटारसी, 19:20 बजे नर्मदापुरम और बुधवार को रात 21:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी ,05 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 जनरेटरकार सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया एवं मानसी स्टेशनों पर रुकेगी। नोट- रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी वेबसाइट से दिनाँक 28 मार्च 2025 से इस स्पेशल ट्रेन के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। समर स्पेशल ट्रेनों के ठहराव के विस्तृत समय के लिए कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 रेल मदद से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर रमनगरा इटेक वेल के खराब पंप का अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी ने किया निरीक्षण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी ने आज रमनगरा स्थित इंटेकवेल के खराब हुए पंप का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि तीन चार दिन से रमनगरा जलशोधन संयंत्र से जलसप्लाई एवं जल का दबाव कम बन रहा था, जिसका निरीक्षण करने पर इंटेकवेल का पंप खराब पाया गया, जिसे तुरन्त बदलने के लिए अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी ने उपस्थित अधिकारियां, कर्मचारियों को निर्देश दिये।

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के जबलपुर स्थित कार्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर गुणवत्ता के बनेंगे



### दो दिवसीय इंटरनल ऑडिटर सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के जबलपुर स्थित कार्यालयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर गुणवत्ता बनाने के लिए दो दिवसीय आईएसओ (इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज़ेशन फ़ॉर स्टैंडर्डाइज़ेशन) आंतरिक ऑडिटर सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के निर्देश पर जबलपुर स्थित समस्त कार्यालयों का आईएसओ क्वालिटी मैनेजमेंट प्रमाण पत्र लेने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित किया गया। वर्तमान में पावर जनरेटिंग कंपनी के दो कार्यालयों को आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया जा चुका है और अन्य कार्यालयों के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया चल रही है इंटरनल ऑडिटर सर्टिफिकेशन क्यों है जरूरी-क्यों आईएसओ के नियमानुसार प्रत्येक कार्यालय से एक अधिकारी व कर्मचारी को इंटरनल ऑडिटर सर्टिफिकेशन लेना अनिवार्य है। इस नियम के परिपालन में पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा दो दिवसीय इंटरनल ऑडिटर सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया व क्वालिटी सर्टिफिकेशन सर्विस दिल्ली के मुख्य प्रशिक्षक वीरेंद्र कुमार ने 20 अभियंताओं, अधिकारियों व कार्मिक को प्रशिक्षित किया। कार्यालयों को गुणवत्ता दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा-प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता दीपक कश्यप ने कहा कि पावर जनरेटिंग कंपनी जबलपुर स्थित समस्त कार्यालयों को गुणवत्ता दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय स्तर बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस उद्देश्य को हासिल करने में इंटरनल ऑडिटर्स की भूमिका निभाएंगे। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन एसके जैन ने कहा कि कंपनी अपने कार्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार करने हेतु सतत प्रयासरत है। कार्यालयों की गुणवत्ता स्तर को सतत् बनाए रखने के लिए इंटरनल ऑडिटर आईएसओ विशेषज्ञों के सम्पर्क में बने रहेंगे। आईएसओ विशेषज्ञ वीरेन्द्र कुमार ने इंटरनल ऑडिटर की लगन व समर्पण की सराहना की। आईएसओ इंटरनल क्वालिटी ऑडिटर का सर्टिफिकेशन करवाने वाले कार्मिक हैं-कार्यपालन अभियंता विनय नंदन खरे, एलोरा चक्रवर्ती, राकेश नेमा,अभिलाषा मिश्रा, सहायक अभियंता नीलम पटेल, तपन शर्मा, अभिषेक खटीक, अखिलेश चौधरी, लेखाधिकारी शिवम जैन, रेशमी पाल, विकास नंदवाना, कार्मिक अधिकारी वर्तिका गुरबानी, कार्यालय सहायक ऋचा अरोरा, महेन्द्र सिंह रघुवंशी, पुष्पेंद्र पटेल, सुभांशु मीना, ललित मानकर, नंदिता वाईकर, धीरेंद्र शर्मा व प्रतीक शर्मा। कार्यक्रम का संयोजन व आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता प्रशिक्षण डॉ. एके तिवारी ने किया।

## मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अशोक कुमार सोनी आज होंगे सेवानिवृत्त



जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय में निज सहायक के पद पर कार्यरत अशोक कुमार सोनी 42 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 28 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

### प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRo - 682 Date- 27/03/2025 2025_ UAD 412672_1 | महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत जयप्रकाश नगर में विभिन्न स्थानों पर सड़कों का डामलीकरण से सुधार कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>8.44 | 2000/-<br>8441/- | 17.04.2025 |
| 2 | PRo - 682 Date- 27/03/2025 2025_ UAD 412672_2 | महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>7.07 | 2000/-<br>7078/- | 17.04.2025 |
| 3 | PRo - 682 Date- 27/03/2025 2025_ UAD 412672_3 | महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत संकट मोचन परिसर श्री हनुमान मंदिर के सामने नाले के ऊपर चेंबर लगाने का कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>1.69 | 2000/-<br>1695/- | 17.04.2025 |
| 4 | PRo - 682 Date- 27/03/2025 2025_ UAD 412672_4 | महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत शनि मंदिर से लेकर श्रीरामराज सिंह के मकान तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>2.54 | 2000/-<br>2541/- | 17.04.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,नगर पालिक,निगम जबलपुर**



भोपाल - लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गुरुवार को भोपाल में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर इंदौर में निर्माणाधीन जिला न्यायालय भवन की प्रगति की समीक्षा की और समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के लिये सभी संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख अभियंता भवन श्री एस.आर. बघेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंदौर जिला न्यायालय भवन का निर्माण हमारे लिए उच्च प्राथमिकता पर है। उन्होंने निर्देश दिए कि तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ भवन का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए रोज़ तीन शिफ्टों में कार्य किया



**पीएम आवास योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने 31 मार्च तक पूर्ण करें सर्वे कार्य**

# पक्का आवास पाने से कोई न छूटे -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**जनजातीय ग्रामों में टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए करें प्रयास- पारम्परिक मछुआरों को संरक्षण देने बनाएं कार्ययोजना**

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय वर्ग के सभी हितग्राहियों को पक्का आवास प्रदान करें। कोई भी हितग्राही आवास पाने से वंचित न रहे। किन्हीं भी कारणों से आवास पाने से छूट गये पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना की पात्रतानुसार सबको पक्के घर की सौगात दी जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अभियान के मैदानी क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को अभियान तहत गांव और हितग्राही चयन का काम पूरा कर तय कार्य योजना एवं मापदंडों के अनुसार लक्षित क्षेत्रों में विकास कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अभियान जनजातीय समुदाय के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नवकरणीय ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव उर्जा श्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि शमी, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्री गुलशन बामरा, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, आयुक्त जनजातीय कार्य श्रीमन शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान की अब तक की प्रारंभिक प्रगति एवं केन्द्र सरकार को अभियान के संदर्भ में भेजे गये विकास प्रस्तावों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने जनजातीय गांवों, बसाहटों, मजरों टोलों में ज़रूरत वाले विकास कार्यों में गति लाने ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया। केंद्र सरकार के इस अभियान से राज्य सरकार जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि जनजातीय वर्ग के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ हर हितग्राही तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय ग्रामों में टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जाएं। गांव में मिट्टी का परीक्षण कर किसानों को बताया जाए कि उन्हें कौन सी फसल लगाना ज्यादा लाभदायक होगा। साथ ही टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय परिवारों के बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए शासकीय सहयोग से दुधारू गाय उपलब्ध कराई जाए। इससे जनजातीय वर्ग की माताओं और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय आबादी वाले 89 विकासखंडों में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए 31 मार्च 2025 तक सर्वे का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सबको पक्का आवास देने की मंशा से समर्पित होकर कार्य करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय ग्रामों में रहने वाले लोगों को पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और बैठक जैसे आयोजन के लिए गांव-गांव में सामुदायिक भवन उपलब्ध कराए जाएं। यहां होने वाले आयोजनों से जनजातीय संस्कृति समृद्ध रहेगी। उन्होंने जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में प्रदेश के चयनित 11 हजार 377 जनजातीय ग्रामों में रहने वाले लोगों द्वारा उगाई जाने वाली रागी, कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाज (मिलेट्स) की खरीदारी शासन स्तर पर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोटे अनाज के विक्रय के लिए प्रदेश में विशेष मंडियां शुरू की जाए जिससे गांव के लोगों को उनकी फसल का उचित दाम मिले और बिचौलियों का नेटवर्क खत्म हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय लोगों द्वारा तैयार किए जा रहे पारम्परिक उत्पादों एवं खाद्य उत्पादों की देश-दुनिया में बेहतर मार्केटिंग के लिए ई-कॉमर्स की सुविधा शुरू की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में ही मछलियों के बीज तैयार करने की व्यवस्था के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी से कार्य योजना तैयार की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव मछुआ कल्याण एवं मत्स्य पालन श्री डीपी आहूजा ने अवगत कराया कि विभाग पारम्परिक मछुआरों को संरक्षण प्रदान करने के लिए योजनाओं पर कार्य कर रहा है। प्रदेश में हेचरी विकसित कर दूसरे राज्यों को मत्स्य-बीज बेचने से रोजगार एवं आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि मत्स्य उत्पादन में अपार संभावनाओं को देखते हुए निर्यात का दायरा बढ़ाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा? कि जनजातीय कृषकों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन स्थानों पर खेती की संभावना कम है, वहां लोगों को पशुपालन के लिए प्रोत्साहित कर लाभान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान में शामिल जनजातीय ग्रामों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया रोग के पीड़ितों को चिन्हित कर उनके उपचार की समुचित व्यवस्था की जाए। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जबलपुर और शहडोल में मरीजों के बोनमेरो ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत बालाघाट और मण्डला जिले में पोषण वाटिकाएं प्राथमिकता से स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुदूर जनजातीय ग्रामों में बिजली और पानी के कनेक्शन की बाधाओं को दूर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को सोलर पम्प योजना से लाभान्वित करने के लिए समय-सीमा तय की जाए।

**टीबी मुक्त 161 ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र किये वितरित-नरसिंहपुर में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह में शामिल हुए मंत्री श्री पटेल**

# टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए आमजन में जागरूकता लाना बहुत जरूरी - मंत्री पटेल

भोपाल (आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह कार्यक्रम पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में हुआ। मंत्री श्री पटेल ने वर्ष 2024 के लिए जिले की टीबी मुक्त 161 ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया।



मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिले की अन्य ग्राम पंचायतों को भी टीबी रोग मुक्त पंचायत बनाने के लिये लगातार प्रयास करें। टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए आमजन में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकते हैं। टीबी रोग किन कारणों से होता है और इनसे कैसे बचाव करें? यह जानकारी लोगों तक पहुंचना जरूरी है। टीबी रोग के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता रहेगी, तो पंचायत स्वत: टीबी रोग मुक्त हो जाएगी।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि टीबी का समय पर पता चल जाये और इसका पूरा उपचार हो जाए तो, यह पूरी तरह से रोकथाम और उपचार योग्य रोग है। इसमें घबराने वाली बात नहीं है। टीबी को छुपाएं नहीं और न कोई भी व्यक्ति इसे बताने में संकोच न करे। सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए नि:शुल्क सुविधा प्रदान करती है। उन्होंने समाज में इस बीमारी से संबंधित भ्रम की जानकारी देते हुए कहा कि लोग इस बीमारी को कलंक के रूप में देखते हैं। इसे छूने से फैलने वाली बीमारी समझा जाता है। इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को परिवार से दूर रखते है। हमें इन सभी भ्रम को दूर करना होगा। यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को ज्यादा दिनों तक खांसी हो तो जांच अवश्य करायें। अब 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को टीबी की वैक्सीन लगायी जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और आमजन भी इसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। टीबी मरीजों के उपचार, स्वास्थ्य और पोषण की व्यवस्था के साथ जन-जागरुकता के लिए व्यापक प्रचार- प्रचार किया जाना सुनिश्चित किया जाए। मंत्री श्री पटेल ने मंच से निर्देश देते हुए कहा कि ज़िले की जो पंचायतें चिन्हित की गई है, वहाँ वैक्सीनेशन कैंप किए जाने की जानकारी पूर्व से ही दी जाये।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक श्री महेन्द्र नागेश, पं. रामस्नेही पाठक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, सीएमएचओ डॉ एस एस ठाकुर, डॉ. विनय ठाकुर, समस्त बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग, पुरस्कार प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## केन्द्रीय सचिव श्रीमती शमी राव ने उद्योग प्रतिनिधियों और अधिकारियों संग निवेश एवं नीतिगत सुधारों पर की चर्चा

भोपाल-(आरएनएस) भोपाल में 26 मार्च को व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल और तेज़ बनाने पर केंद्रित दो उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित हुई। बैठकों में प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सचिव, केन्द्रीय टेक्सटाइल श्रीमती नीलम शमी राव, एमपीआईडीसी के प्रबंध निदेशक श्री चंद्रमौली शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हुए।



बैठकों में व्यापारिक नियमों को उद्योग-अनुकूल बनाना, नीतियों को सरल करना और निवेश प्रक्रिया को तेज़ करने के लिये विचार-विमर्श हुआ। इस दिशा में सरकार द्वारा किए गए सुधारों पर विस्तृत चर्चा हुई और उद्योगों की जरूरतों के अनुसार नए उपायों पर सुझाव लिए गए।

प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह वर्कशॉप की विस्तृत जानकारी दी। सचिव, केन्द्रीय टेक्सटाइल श्रीमती शमी राव ने नीति सरलीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। टास्क फोर्स द्वारा व्यापारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाने और निवेशकों के लिए बाधाओं को कम करने पर प्रेजेन्टेशन दिये गए। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में इस दिशा में हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

बैठक में उद्योग जगत को हो रही व्यावसायिक दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसके समाधान के लिये सरल नीतियों, डिजिटल प्रक्रियाओं और सिंगल-विंडो सिस्टम को और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

बुधवार को आयोजित दूसरे सत्र में राज्य सरकार और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों के बीच खुला संवाद हुआ। यह बैठक एमपीआईडीसी के कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें पीएचडीसीसीआई, फिक्की, लघु उद्योग भारती और सीआईआई सहित विभिन्न उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान टास्क फोर्स द्वारा उद्योगों की प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए पहचाने गए 23 प्रमुख बिंदुओं पर उद्योग प्रतिनिधियों से सुझाव मांगे गए। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश को और सुगम बनाने के लिए नीति सुधार, प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण, समयबद्ध मंजूरी व्यवस्था और अन्य आवश्यक पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

## प्रगतिरत कार्यो की प्रगति रिपोर्ट की जिम्मेदारी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी की होगी

भोपाल (आरएनएस) अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने सिहस्थ-2028 के प्रगतिरत उज्जैन में निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि निर्माण संबंधी कार्यों में समयबद्ध तरीके से काम किया जाना सुनिश्चित किया जाये। प्रगतिरत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रत्येक माह भेजी जाएं। इसकी प्रत्येक 15 दिन में कलेक्टर उज्जैन द्वारा समीक्षा की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गति को बनाए रखना संबंधित विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी है इसके लिए यदि दो शिफ्ट में काम करने की आवश्यकता है तो वह भी करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री नीरज कुमार ने विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। घाट निर्माण के लिए 30 माह का समय सुनिश्चित किया गया है। क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिये कान्हा नदी डायवर्सन की भौतिक प्रगति रिपोर्ट 29 प्रतिशत है। सेवर खेड़ी, सिलार खेड़ी जलाशय का काम भी शुरू हो चुका है।

इंदौर उज्जैन सिक्स लेन का कार्य 24 माह में पूर्ण किया जाना है। इसी के साथ उज्जैन मक्सी फोर लेन इंगोरिया उन्हेल और उज्जैन सिंहस्थ बायपास का काम भी प्रगतिरत है।

**शालाओं में नामांकन दर को बढ़ाने के लिये जन-प्रतिनिधियों की लें मदद-स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह की अध्यक्षता में हुई टॉस्क फोर्स की बैठक**

## शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये एससीईआरटी को सुदृढ़ करें- स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

भोपाल-(आरएनएस) स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार के लिये राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) को सुदृढ़ करने की जरूरत है। इसके लिये शिक्षकों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाये। शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से निरंतर अपडेट रखा जाये। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे नये शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की नामांकन दर को बढ़ाने के लिये समाज के सभी वर्गों का सहयोग लिया जाये। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह बुधवार को मंत्रालय में नई शिक्षा नीति-2020 की टॉस्क फोर्स समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में टॉस्क फोर्स के सदस्यों ने विभिन्न विषयों से जुड़े सुझाव दिये। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक कार्य से लगे शिक्षकों पर प्रशासनिक कार्यों का भार कम किया जाये। शिक्षक शालाओं में उपलब्ध संसाधनों का शत-प्रतिशत उपयोग करें, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूलों में विद्यार्थियों की नामांकन दर को बढ़ाने के लिये प्राध्यापकों को जिम्मेदारी दी गयी है। वे उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिये स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) देने के बाद उनके पुन: प्रवेश की प्रक्रिया को भी सुनिश्चित करेंगे। शिक्षा विभाग का मैदानी अमला शालावार इसकी समीक्षा करना सुनिश्चित करे। बैठक में विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर योग की शिक्षा देने का भी सुझाव दिया गया।



बैठक में बताया गया कि 4473 पूर्व प्राथमिक शालाओं में करीब एक लाख बच्चे दर्ज हैं। इन शालाओं के शिक्षकों को प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है। इसी के साथ पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में दर्ज बच्चों को पीएम पोषण उपलब्ध कराने के लिये शिक्षा पोर्टल पर प्रावधान किया गया है। करीब 40 हजार आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गयी है।

## विधानसभा में उठा फास्ट फूड में खतरनाक केमिकल का मुद्दा, सख्त गाइडलाइन बनाने पर जोर

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश सरकार ने सोमवार को विधानसभा को बताया कि बच्चों द्वारा जंक फूड के बढ़ते सेवन का मुद्दा दो विधायकों द्वारा उठाए जाने के बाद खाद्य सुरक्षा और मानक दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। प्रश्नकाल के दौरान जबलपुर उत्तर के भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने यह मुद्दा उठाया था। विधायक ने जानना चाहा कि क्या राज्य सरकार ने पिछले छह महीनों में फास्ट फूड में मिलावट की जांच के लिए कोई विशेष अभियान चलाया है। विधायक ने सदन को बताया कि राज्य में फास्ट फूड का सेवन बढ़ रहा है और इससे बीमारियां बढ़ रही हैं। जवाब में,उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला,जिनके पास स्वास्थ्य विभाग भी है, ने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। यह मुद्दा गंभीर है। शुक्ला ने सदन को सूचित किया कि खाद्य मिलावट में शामिल लोगों से 9 करोड़ रुपये वसूले गए हैं और कहा कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर रही है। पांडे ने कहा कि ऐसे फास्ट फूड में अजीनोमोटो (मोनोसोडियम ग्लूटामेट का एक ब्रांड नाम),सुगंधित सामग्री और संरक्षक होते हैं।

# सृजन पोर्टल पर विद्यार्थी 19 अप्रैल तक कर सकेंगे नवाचारों के प्रोजेक्ट अपलोड

भोपाल-(आरएनएस) राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम सृजन पोर्टल पर, शोधार्थी विद्यार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट्स विवरण अपलोड करने की सुविधा 25 मार्च से शुरू कर दी गई है।

सृजन पोर्टल पर संबंधित संस्थाओं द्वारा अप्लाई किये जाने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत विवरण अपलोड करने की व्यवस्था की गई है। संस्थान अपने विद्यार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट, सृजन कार्यक्रम के पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। विद्यार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट्स विवरण 19 अप्रैल तक पोर्टल में जमा किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा अपलोडेड प्रोजेक्ट्स की प्रारंभिक समीक्षा 21 अप्रैल से शुरू होगी।

प्रत्येक प्रोजेक्ट की टीम में 1 फैकल्टी मेंबर और अधिकतम 4 विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे। ज्यूरी के माध्यम से प्रत्येक श्रेणी में प्रथम 50 प्रोजेक्ट्स को चयनित किया जाएगा। डिस्प्ले योग्य 30 प्रोजेक्ट्स को प्रत्येक श्रेणी में डिस्प्ले के लिए अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा। प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन शिक्षा और उद्योग विशेषज्ञों के संयुक्त दल द्वारा किया जाएगा। शीर्ष 150 प्रोजेक्ट्स का चयन कर अंतिम सूची 30 अप्रैल को जारी कर दी जाएगी। प्रदर्शनी स्थल पर सभी चयनित प्रोजेक्ट लीडर्स को 9 मई को रिपोर्टिंग करनी होगी। प्रदर्शनी का शुभारम्भ 10 मई को होगा। कार्यक्रम का समापन 11 मई को, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर किया जाएगा।

सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत तकनीकी एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए तीन प्रकार के मॉडल निर्धारित किए गए हैं। इसके अनुसार पहला मॉडल वर्किंग मॉडल है, इसमें प्रैक्टिकल एप्लीकेशन को दर्शाने वाले वर्किंग मॉडल डिसप्ले किए जा सकेंगे। दूसरा मॉडल डेमॉस्ट्रेटिव मॉडल है, इसमें प्रोजेक्ट वीडियो अथवा भौतिक प्रस्तुतीकरण किए जा सकेंगे। तीसरा मॉडल सिमुलेशन-आधारित प्रोजेक्ट्स हैं, इसमें प्रक्रियाओं, डिजाइनों या भविष्य की संभावनाओं को सिमुलेशन के माध्यम से प्रदर्शित करने वाले प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जा सकेंगे।


# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा के विस्तार भवन, कैंसर यूनिट तथा डॉक्टर्स क्वार्टस के निर्माण कार्यों को गति दें -उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन सुपर स्पेशलिटी विस्तार भवन, कैंसर यूनिट तथा डॉक्टर्स क्वार्टस के निर्माण कार्य त्वरित गति से कराये और नियत समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण के साथ पूरे करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, संजय गांधी चिकित्सालय को सर्व-सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। नवीन आवश्यक भवनों के निर्माण के साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता तथा डॉक्टर्स एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ के पदों की पूर्ति की जा रही है ताकि संभाग के किसी भी जिले के मरीज को इलाज के लिये बाहर न जाना पड़े और सभी प्रकार के रोगों का इलाज रीवा में हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कैंसर यूनिट के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि 20 करोड़ रूपये की लागत से कैंसर यूनिट का कार्य आगामी 6 माह में पूर्ण कर लिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर यूनिट की स्थापना के साथ ही कैंसर के इलाज के लिये 200 विस्तर का अस्पताल भी बनाया जायेगा। उन्होंने 35 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी विस्तार भवन कार्य की जानकारी ली तथा कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने डॉक्टर्स के लिये 35 करोड़ रूपये से निर्माणाधीन आवासीय क्वार्टस की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्य में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में कार्य को पुन: समीक्षा करें तथा अपेक्षित प्रगति न होने पर एजेंसी को ब्लैक-लिस्टेड करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाय। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों की सतत मानिटरिंग करें तथा प्रगति से अवगत करायें। उप मुख्यमंत्री ने बैठक के उपरांत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ. राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल डॉ. अक्षय श्रीवास्तव सहित डॉक्टर्स व निर्माण के अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय रीवा में 100 बेड के विस्तार भवन तथा नवीन ओपीडी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने 10 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जाने वाले विस्तार भवन एवं दोनों भवनों को जोड़ने वाले कॉरीडोर का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने 8 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे ओपीडी भवन का शीघ्र संचालन प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा सहित निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



**हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान जी की पूजा की जाती है। मंगलवार का व्रत मनचाहा वर पाने के लिए रखा जाता है। मंगलवार का व्रत करने से जातक की हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं हनुमान जी की कृपा से जीवन के दुख और संकट दूर हो जाते हैं**



## खालिस्तानी गतिविधियों पर अंकुश लगाएं

यह संयोग मात्र है कि भारत ने न्यूजीलैंड और अमेरिका, दोनों से साफ तौर पर कहा कि वे अपने देश में भारत विरोधी विशेषकर खालिस्तानी आतंकी समूहों पर लगाम लगाएं। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात के बाद उनके देश में चलाए जा रही भारत विरोधी गतिविधियों से अवगत कराया।

दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ बातचीत के दौरान अमेरिका में सक्रिया खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) की भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। लोगों को याद होगा कि इन दिनें अमेरिका में हिन्दू मंदिरों पर लगातार हमले हुए हैं जिनमें एसएफजे का हाथ बताया जा रहा है।

रक्षा मंत्री ने हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की और एसएफजे को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। अभी पिछले सप्ताह पंजाब के अमृतसर में ठाकुरद्वारा मंदिर पर ग्रेनेड से हमला किया गया था। पंजाब में नवम्बर, 2023 से अब तक यह 13वीं आतंकी घटना है। कुछ शरारती तत्व यहां अलगाववाद और उग्रवाद को फिर से जीवित करने के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जाहिर है कि ऐसी घटनाओं से सामाजिक ताना-बाना को खतरा पैदा हो सकता है। इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि विदेशी ताकतें इन उग्रवादी समूहों को लॉजिस्टिक मदद मुहैया कराती हैं। कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन में सिख फॉर जस्टिस काफी सक्रिय है।

# विकास के बजाए विवादित मुद्दे बन गए हैं सत्ता का आसान रास्ता

बेरोजगारी, गरीबी, अपराध, लिंगभेद, चिकित्सा और आधारभूत जैसी सुविधाओं के समाधान के बजाए देश के नेता इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाड़ कर वोट पाने का आसान रास्ता चुन रहे हैं। इसी क्रम में नया विवाद महाराणा सांगा पर दिए गए बयान पर पैदा हुआ है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने राज्यसभा में कहा कि बीजेपी के लोगों का ये तकियाकलाम बन गया है कि इनमें बाबर का डीएनए है। सपा सांसद रामजी लाल ने कहा कि मैं जानना चाहूंगा कि बाबर को आखिर लाया कौन? इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा लाया था। उन्होंने कहा कि मुसलमान अगर बाबर की औलाद हैं तो तुम लोग उस गद्दार राणा सांगा की औलाद हो, ये हिन्दुस्तान में तय हो जाना चाहिए कि बाबर की आलोचना करते हो, लेकिन राणा सांगा की आलोचना नहीं करते? सांसद सुमन की राज्यसभा में की गई टिप्पणी पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो लोग आज नहीं बल्कि 1000 वर्षों के भारत के इतिहास की समीक्षा करते हैं, वे बाबर और राणा सांगा की तुलना कभी नहीं कर सकते और उन्हें एक ही तराजू पर नहीं रख सकते। महाराणा सांगा ने आजादी की अलख जगाई थी। उन्होंने भारत को गुलामी से बचाया और साथ ही भारत की संस्कृति को सनातनी बनाए रखने में भी अहम योगदान दिया। कुछ क्षुद्र और छोटे दिल वाले लोग ऐसी बातें करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी चर्चाओं की कोई गुंजाइश नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब नेताओं ने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इस तरह के विवादों को हवा दी है। इससे पहले भी ऐतिहासिक मुद्दों पर देश में दरार डालने के प्रयास होते रहे हैं।

बॉलीवुड के निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, जिसमें राजपूत समुदाय ने फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया था। इस विवाद का परिणाम यह निकला कि चित्तौडगढ़ के किले में स्थित %पद्मावती% महल में अराजक तत्वों ने उन शीशों को तोड़ दिया, जिनके बारे में कहा जाता है कि दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने इन्हीं आईनों के जरिए राजपूत रानी पद्मावती को देखा था। इसी तरह तीन साल पहले बॉलीवुड फिल्म पानीपत से शुरू हुआ विवाद एक टीवी धारावाहिक तक आ पहुंचा। धारावाहिक में खांडेराव होल्कर से पूर्व महाराजा सूरजमल को युद्ध में हारना दिखाया गया। वहीं, इतिहासकारों का दावा है कि पूर्व महाराजा सूरजमल कभी युद्ध नहीं हारे। बल्कि खांडेराव होल्कर की मौत उनके साथ युद्ध में हुई थी। इसको लेकर रूपवास व कुम्हेर थाने में दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज कराई गई। मैसूर के राजा रहे टीपू सुल्तान की 10 नवंबर को मनाई जाने वाली जयंती को लेकर भी खूब कलह हुआ है। मैसूर का शेर कहलाने वाले टीपू की जयंती की शुरुआत कांग्रेस के शासन में हुई लेकिन बीजेपी इसका विरोध करती रही।

कर्नाटक में टीपू सुल्तान की जयंती मनाने को लेकर नौबत यहां तक आ गई कि कई शहरों में सुरक्षा को देखते हुए धारा 144 लगाई गई और विरोध प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया। भारतीय जनता पार्टी और कुछ हिन्दू संगठनों ने सरकार से मांग की थी कि वह टीपू सुल्तान की जयंती मनाने का कार्यक्रम और उन्हें महिमामंडित करने की योजना रोक दें। बीजेपी की निगाह में टीपू सुल्तान धार्मिक रूप से कट्टर और हिन्दू विरोधी शासक था। भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने उत्तर भारत के 9वीं सदी के राजपूत शासक सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें एक गुज्जर बताया। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने जौनपुर गांव में सम्राट मिहिर भोज की एक प्रतिमा भी समर्पित की, जिसमें उन्हें गुज्जर बताया गया। इसका राजपूत समुदाय ने कड़ा विरोध किया। बिहार में गठबंधन से पहले भाजपा ने नीतीश सरकार पर इतिहास के छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। भाजपा ने यहां तक कहा था कि सरकार ने प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह का अपमान किया है। बिहार के पूर्व मंत्री भीम सिंह ने बिहार सरकार खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मोहम्मद युनूस को बिहार के प्रथम प्रधानमंत्री बताते हुए उनके जन्म दिवस पर राजकीय जयंती समरोह मनाए जाने को बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह का अपमान बताया था। उन्होंने कहा था कि मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत इतिहास के साथ छेडछाड की जा रही है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मंदिर-मस्जिद विवाद पर नेताओं ने जम कर रोटियां सेकी। इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर हिंसा में पांच लोग मारे गए। इसके बाद देश के दूसरे हिस्सों में इसी तरह के विवाद पैदा हो गए। अजमेर में दरगाह में हिंदू मंदिर का दावा करते स्थानीय अदालत में मामला दायर किया गया। इसी तरह देश के दूसरे हिस्सों में भी मस्जिदों में मंदिर होने को लेकर अदालतों में मामले दायर किए गए। नेताओं ने तभी पैर पीछे खींचे जब सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे विवादों पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब तक पूजा स्थल अधिनियम की वैधता पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक देश में मंदिर-मस्जिद विवादों से जुड़े नए मुकदमे दर्ज नहीं किए जा सकते, और न ही कोई चल रहा मामला सर्वेक्षण या अंतिम आदेश के साथ आगे बढ़ सकता है।

## विश्व को नया आकार देने वाले भू-राजनीतिक रुझानों से निपटना

अमिताभ कांत

ट्रम्प प्रशासन अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' की नीतियों पर दोगुना जोर दे रहा है। ट्रम्प प्रशासन अतीत के गठबंधनों को फिर से परिभाषित और पुनर्लेखन करने का काम भी कर रहा हैजिसकी गूंज यूरोप और एशिया में उनके सहयोगियों द्वारा महसूस की जा रही है। इन कदमों का उद्देश्य व्यापार संतुलन में सुधार और सार्वजनिक व्यय को कम करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अमेरिका ने पेरिस समझौते वविश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से खुद को अलग कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से भी वह पहले ही अलग हो चुका है। ये कदम वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में एक शून्य पैदा कर रहे हैं। यह शून्य लंबे समय तक नहीं रहेगा-इसे प्रतिस्पर्धी शक्तियों द्वारा भरा जाएगा। अमेरिका सबसे शक्तिशाली बना हुआ है औरहम एक बार फिर एक बहुध्रुवीय दुनिया का उदय देख रहे हैं। विखंडित वैश्वीकरण, तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई, ऊर्जा की भू-राजनीति और ढहता वैश्विक शासन विश्व को नया आकार देने वाले प्रमुख भू-राजनीतिक रुझान हैं जिनसे भारत को निपटना होगा। जैसा कि हम जानते हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में हमने जो वैश्वीकरण का युग देखा था, वह समाप्त होने वाला है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से, हमने वैश्वीकरण का विखंडन देखा है। व्यापार युद्धों ने इस विखंडन को और तेज़ कर दिया है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा कियाऔर इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया। ट्रम्प प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ़ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ़, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत यादा बाधित करेंगे।

## अन्य देशों में रह रहे हिंदुओं के साथ खड़े रहने की आवश्यकता

बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता पलट के समय मठ मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों और शिक्षण संस्थानों पर आक्रमण, मूर्तियों का अनादर, नृशंस हत्याएं, सम्पत्ति की लूट, महिलाओं के अपहरण और अत्याचार, बलात मतांतरण जैसी अनेक घटनाएं सामने आ रही हैं। आज लगभग 4 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विश्व के अन्य देशों में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कई देशों में तो भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के राजनैतिक पटल पर भी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आदि विकसित देश इसके प्रमाण हैं। आस्ट्रेलिया में तो भारतीय मूल के नागरिकों को राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय करने के गम्भीर प्रयास स्थानीय स्तर पर किए जा रहे हैं, क्योंकि अन्य देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की इस क्षेत्र में सराहनीय भूमिका सिद्ध हो चुकी है। राजनैतिक क्षेत्र के अतिरिक्त आर्थिक क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिकों ने अपनी उपयोगिता सिद्ध की है जैसे अमेरिका के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आज भारतीयों का ही बोलबाला है। अमेरिका में प्रतिवर्ष लगभग 85,000 एच वन-बी वीजा जारी किए जाते हैं, इसमें से लगभग 60,000 एच वन-बी वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। इसी प्रकार अमेरिका की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारतीय मूल के नागरिक बन रहे हैं। आज अमेरिका एवं ब्रिटेन में प्रत्येक 7 चिकित्सकों में 1 भारतीय मूल का नागरिक हैं। न केवल उक्त वर्णित विकसित देशों बल्कि खाड़ी के देशों यथा, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में भी भारतीय मूल के नागरिक भारी संख्या में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों के आर्थिक विकास में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कई देशों यथा सिंगापुर, गुयाना, पुर्तगाल, सूरीनाम, मारीशस, आयरलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका आदि के राष्ट्राध्यक्ष (प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति) भारतीय मूल के नागरिक रहे हैं एवं कुछ देशों में तो अभी भी इन पदों पर आसीन हैं। साथ ही, 42 देशों की सरकार अथवा विपक्ष में कम से कम एक भारतवंशी रहा है। दूसरी ओर, भारत के पड़ोसी देशों बांग्लादेश, पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में भारतीय मूल के नागरिकों, विशेष रूप से हिंदुओं की जनसंख्या लगातार कम हो रही है। बांग्लादेश में तो वर्ष 1951 में कुल आबादी में हिंदुओं की आबादी 22 प्रतिशत थी वह आज घटकर 8 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। लगभग यही हाल पाकिस्तान का भी है। बांग्लादेश में तो हाल ही के समय में सत्ता पलट के पश्चात हिंदुओं सहित वहां के अल्पसंख्यक समुदायों पर कातिलाना हमले किए गए हैं। केवल बांग्लादेश ही क्यों बल्कि विश्व के किसी भी अन्य देश में हिंदुओं के साथ इस प्रकार की घटनाओं का कड़ा विरोध होना चाहिए। भारतीय मूल के नागरिक सनातन संस्कृति के संस्कारों के चलते बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से इन देशों के विकास में अपनी भागीदारी निभाते हैं। इसके बावजूद भी यदि भारतीयों पर इस प्रकार के आक्रमण किए जाते हैं

## चैत्र नवरात्र के लिए सजने लगे मां के दरबार... पंचमी तिथि का क्षरण होगा, तो कब मनेगी रामनवमी

चैत्र नवरात्र 30 मार्च से प्रारंभ होगी। इस वर्ष पंचमी तिथि का क्षरण होने के कारण नौ दिन की न होकर नवरात्र आठ दिन की है। नवरात्र में आदिशक्ति के दरबार सजाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। चैत्र नवरात्र के नौ दिन मंदिरों में मेला जैसा माहौल रहता है। मंदिरों की रंगाई-पुताई की जा रही है। इसके बाद रोशनी से सजाया जाएगा। वहीं पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी में लगा है, ताकि कहीं भी किसी तरह की अप्रिय स्थिति ना बने। मंदिरों में मां की मूर्तियों को दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए श्रृंगार किया जा रहा है। नौ दिनों में माता के विभिन्न रूपों का श्रृंगार होगा। पंचमी एवं अष्टमी को महाआरती नवमी को हवन पूर्णाहुति होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल की अष्टमी की शुरुआत 04 अप्रैल को रात 08 बजकर 12 मिनट पर होगी। समापन 05 अप्रैल को शाम 07 बजकर 26 मिनट पर होगा। उदया तिथि के कारण शनिवार, 05 अप्रैल को अष्टमी और अगले दिन नवमी मनाई जाएगी।

## कैसे रूक पायेगा राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चाओं में बने रहते हैं। वहीं बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर अपराधिक मामले दर्ज हो रहें हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब होती जा रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीतिक दागदार हुई है। वहीं नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीतिक व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से है या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकर्ताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है।

एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ भी होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। वह पैसे के बल पर ही चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांच सितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है।

1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रूपयों की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आता है।

## अष्टम भाव में केतु होने से जीवन पर क्या असर होता है

इंदौर। ज्योतिष शास्त्र में रुचि रखने वाले सभी लोगों के लिए यह काम की खबर है। यह तो हम सभी जानते हैं कि ग्रहों की चाल का हमारे जीवन पर अनुकूल और प्रतिकूल प्रभाव होता है। बात राहु और केतु की करें तो ये ग्रह पाप ग्रह की श्रेणी में आते हैं। राहु एक छाया ग्रह है जो कि आभास देता है। राहु सिर है और केतु धड़ है। यही कारण है कि राहु के साथ केतु का भी जिक्र किया जाता है। राहु मायावी है और केतु चमत?कारिक है। यह डिटैचमेंट और मोक्ष का भी कारक है। आपको देखना चाहिये कि केतु आपकी कुंडली के कौन से भाव में है। यदि यह आंठवे भाव में है तो उसका जीवन पर क?या असर होगा, आचार्य मण?डन मिश्र- हमें इसके बारे में बता रहे हैं।

## बांग्लादेश के बदलते सुरों को गंभीरता से लेना होगा


बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद वहां की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस भले ही नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हो, लेकिन उनकी सोच एवं कार्य-पद्धति में कट्टरवाद एवं भारत-विरोधी मानसिकता है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर कहा कि हमारे रिश्ते बेहद मजबूत हैं। बस कुछ गलतफहमियां हैं, जिन्हें दूर करने की कोशिश की जा रही है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली वाली स्थिति में यूनुस किन रिश्तों के मजबूत होने की बात कर रहे हैं, कैसी गलतफहमियां और किनके द्वारा उत्पन्न गलतफहमियों की बात वे कर रहे हैं?

यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने भारत से दूरियां बढ़ाने की कोई कसर नहीं छोड़ी, वहां हिन्दुओं एवं हिन्दू मन्दिरों पर कहर बरपाया गया, पाकिस्तान के साथ दोस्ती बढ़ाने की कवायद करते हुए भारत को डराने की कोशिशें हुई, कट्टरपंथी एवं जिहादी ताकतों को सहयोग, समर्थन और संरक्षण दिया गया है, इन सब स्थितियों को उग्र से उग्रतर बनाकर अब यूनुस किन रिश्तों की बात कर रहे हैं, वे क्यों बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करना चाहते हैं? बांग्लादेश का भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण बना है। भारत से पंगा बांग्लादेश को कितना महंगा पड़ रहा है, इसका अनुमान बांग्लादेश की बिगड़ती अर्थ-व्यवस्था, शांति-व्यवस्था एवं अराजकता को देखते हुए सहज ही लगाया जा सकता है। इन ज्वलंत होती स्थितियों का सबसे बड़ा कारण भारत से दुश्मनी ही है। बांग्लादेश में अराजकता, हिंसा एवं जर्जर होते हालात को मोहम्मद यूनुस सरकार नियंत्रित नहीं कर पा रही हैं। मुल्क अभी भी भीड़ की हिंसा की उन घटनाओं से उबर नहीं रहा है, जो पिछले अगस्त में शेख हसीना को सत्ता से हटाने वाले आंदोलन के बाद शुरू हुई थी। यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है। यदि भारतीय प्रधानमंत्री बैंकाक में यूनुस से वार्तालाप करते हैं तो उन्हें उनके इरादों को लेकर सतर्क एवं सावधान रहना चाहिए।

भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार के संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। बांग्लादेश में भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा गया, वहां हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाओं पर भारत की तमाम चिंताओं के बावजूद गंभीरता नहीं दिखाई गयी और अल्पसंख्यक हिन्दुओं के दमन को रोकने के लिए वांछित कदम उठाने से इनकार किया गया है। इन सब स्थितियों के कारण आज वहां कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडराने लगा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम रहे हैं और भारत से टकराव मोल लेकर उन्होंने अपने पांवों पर खुद कुल्हाडी चलाई है। बांग्लादेश के हुक्मरानों और विशेषत: यूनुस सरकार ने विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश कर दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूद किया हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद वहां की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस भले ही नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हो, लेकिन उनकी सोच एवं कार्य-पद्धति में कट्टरवाद एवं भारत-विरोधी मानसिकता है। भले ही वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता करके भारत से दोस्ती का नाटक करें। लेकिन उनके इरादों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और है। चीन के खासे प्रभाव में आकर बांग्लादेश उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। उसने वहां महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है और वह बांग्लादेशी सेना के हथियारों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। चीन ने ऐतिहासिक रूप से दक्षिण एशिया में भारतीय प्रभाव का मुकाबला करने के लिए पाकिस्तान को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में इस्तेमाल किया है और वह इस्लामाबाद की मदद से बांग्लादेश में भी अपना प्रभाव बढ़ाने का अवसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान को अतिश्योक्तिपूर्ण ढंग से अपने आतंरिक मामलों में जगह दे देकर बांग्लादेश ने खुद खतरा मौल लिया है। पाकिस्तान भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश का उपयोग करता है। वह आतंकवादियों की घुसपैठ के लिए भी बांग्लादेश का उपयोग करता है। इसी के चलते अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में यूनुस ने कई कट्टरपंथी संगठनों से प्रतिबंध हटाया है और आतंकी गतिविधियों के लिए आरोपित नेताओं को जेल से रिहा भी किया है। भारत को इसकी भी अनदेखी नहीं करना चाहिए कि बांग्लादेश में पाकिस्तान के दखल का मुख्य ध्येय भारत को कमजोर एवं अशांत करना ही है। यूनुस का कार्य व्यवहार चिंतित करने वाला है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की आपको सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आप जिस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, वह आज मिलेगा। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी।

कर्क राशि: आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सफल होंगे। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे होंगे। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि लेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी।


वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से वो आसानी से पूरा हो जाएगा।

धनु राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।

कुंभ राशि:आज का दिन आपके लिए स्पेशल होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

मीन राशि: आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। जो काम जरूरी नहीं है, उन कामों में अपना समय बर्बाद न करके रुका हुआ काम



आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को भाजपा विधायक रविंदर सिंह नेगी की नवरात्रि के दौरान दिल्ली में मीट की दुकानें बंद करने की मांग पर पलटवार किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि नवरात्रि के दौरान केएफसी की दुकानें और भाजपा नेताओं के स्वामित्व वाली रेस्तरां क्यों खुले रहते हैं। सिंह ने भाजपा को चुनौती दी कि अगर उन्हें वास्तव में हिंदू भावनाओं की परवाह है तो इन प्रतिष्ठानों को बंद कर दें।

# वक्फ विधेयक को लेकर पटना में मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन, लालू-तेजस्वी भी शामिल हुए

पटना (आरएनएस)। वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देशभर में प्रदर्शन कर रहा है। इसी कड़ी में आज बिहार की राजधानी पटना में भी प्रदर्शन किया गया।

पटना के गर्दनी बाग में मुस्लिम संगठनों ने विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसे राष्ट्रीय जनता दल ने अपना समर्थन दिया। प्रदर्शन में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव भी शामिल हुए।

इस दौरान तेजस्वी ने कहा कि राजद हमेशा मुस्लिमों के साथ खड़ी रही है।

तेजस्वी ने कहा, जो विधेयक लाया गया है, इसके विरोध में आप सब लोगों का महाजुटान हुआ है। हमारी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल, हम लोगों के नेता लालू प्रसाद यादव जी बीमार अवस्था में भी यहां आप लोगों का साथ देने पहुंचे हैं। हम लोग किसी भी कीमत पर, चाहे सत्ता रहे या जाए, हम लोगों को इसकी परवाह नहीं है। आप लोगों की इस लड़ाई में हम लोग पूरी मजबूती के साथ आपके साथ खड़े हैं।

लालू यादव ने कहा, यह विधेयक अन्यायपूर्ण है और सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। हम इसके विरोध में हैं। यह गलत हो रहा है, जनता सब समझ रही है।

प्रदर्शन को कई पार्टियों का भी समर्थन मिला। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी पटना पहुंचे। उन्होंने कहा, जिनके भी अधिकारों पर हमला होगा, उसकी रक्षा के लिए आगे आएंगे।

विकासशील इंसान पार्टी ने भी विधेयक को संविधान के खिलाफ बताया।

भाजपा सांसद और वक्फ संशोधन विधेयक पर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वो देश के मुसलमानों और अल्पसंख्यकों को गुमराह कर रहा है।

उन्होंने कहा, सरकार की ओर से लाया गया वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के हित में है। खासकर गरीबों, पसमांदा, महिलाओं, विधवाओं और बच्चों के लिए। विधेयक से कोई भी धार्मिक स्थल, मस्जिद या कब्रिस्तान प्रभावित नहीं होगा, जैसा कि बोर्ड आरोप लगा रहा है।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, 90 प्रतिशत से अधिक संपत्तियां मस्जिद, कब्रिस्तान, दरगाह और इमामबाड़ों के रूप में हैं। इन संपत्तियों से कोई आय नहीं होती है। इसलिए, इसमें आपत्तियां उठाने का कोई कारण नहीं है। सैकड़ों वर्षों से मुस्लिम समुदाय इन संपत्तियों का प्रबंधन कर रहा है। इसलिए सरकार की ओर से किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ईद के बाद सरकार संसद में वक्फ विधेयक को पेश कर सकती है। अगल हफ्ते ईद है, ऐसे में अगले हफ्ते विधेयक के पेश किए जाने की संभावना है।

इससे पहले मंत्रिमंडल ने जेपीसी की रिपोर्ट के आधार पर विधेयक में प्रस्तावित 23 में से 14 बदलावों को मंजूरी दी थी। तब विपक्षी सांसदों ने कहा था कि उनके एक भी बदलाव को स्वीकार नहीं किया गया।

**मातृ वंदना योजना के लिए बहुत कम बजट दिया गया, राज्यसभा में सोनिया गांधी ने लगाया आरोप**

नई दिल्ली (आरएनएस)। राज्यसभा में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत बहुत कम बजट आवंटित किये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने साथ ही सुझाव दिया कि इसके तहत गर्भवती महिलाओं को दिये जाने वाले आर्थिक लाभ की पूरी राशि प्रदान की जानी चाहिए। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत महिलाओं को मातृत्व लाभ प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। सोनिया ने कहा कि संसद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सितंबर 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून को पारित किया था।




न्यायमूर्ति हरीश टंडन ने कटक में ओडिशा के रा%यपाल बाबू कंभमपति की उपस्थिति में ओडिशा उ%च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।



उपराष्ट्रपति और रा%यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों के साथ बातचीत की.

# मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जा रहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाया बड़ा आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, एक कन्वेंशन है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया जाता है। मैं जब भी खड़ा होता हूं तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। मैं नहीं जानता कि सदन किस प्रकार चल रहा है।

राहुल ने कहा, यहां हम जो कहना चाहते हैं, हमें कहने नहीं दिया जाता है। मैंने कुछ नहीं किया, मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष की जगह होती है लेकिन यहां विपक्ष की कोई जगह नहीं है। यहां केवल सरकार की जगह है। उस दिन प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभ मेले के बारे में बोला, जिसमें मैं अपनी बात जोड़ना चाहता था। मैं बेरोजगारी के बारे में कुछ कहना चाहता था लेकिन मुझे नहीं बोलने दिया गया।

एक खबर ये भी है कि लोकसभा में स्पीकर ने सांसदों के आचरण को लेकर नसीहत दी है। दरअसल दो दिन पहले राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ अजीब अभिवादन किया था। इस पर स्पीकर की तीखी प्रक्रिया सामने आई थी। इसके बाद कांग्रेस सांसदों ने भी सदन में कहा था कि जब पीएम सदन में आते हैं तो बीजेपी के सभी सांसद खड़े हो जाते हैं, ये सदन का अपमान है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, आपसे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मानदंडों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। मेरी जानकारी में ऐसे कई मामले हैं, जब सांसदों का आचरण सदन की मर्यादा और परंपराओं के उच्च मानदंडों को बनाए रखने के अनुरूप नहीं था। पिता, पुत्री, माता, पत्नी और पति इस सदन के सदस्य रहे हैं। इसलिए, इस संदर्भ में मैं विपक्ष के नेता से नियमों के अनुसार आचरण करने की अपेक्षा करता हूं। विपक्ष के नेता से विशेष रूप से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपना आचरण बनाए रखें।

**हिरासत में संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे इंजीनियर राशिद, दिल्ली हाईकोर्ट ने दी अनुमति**

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेरर फंडिंग से जुड़े एक मामले में जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख को हिरासत में संसद के मौजूदा सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। जस्टिस चंद्रधारी सिंह और जस्टिस अनूप जयराम भंभानी की बेंच ने कहा कि पुलिस इंजीनियर राशिद को 26 मार्च से चार अप्रैल के बीच हर दिन संसद भवन ले जाएगी और कार्यवाही समाप्त होने के बाद वापस जेल ले आएगी।

बेंच ने कहा कि जेल से बाहर रहने के दौरान राशिद को मोबाइल फोन या लैंडलाइन का इस्तेमाल करने या मीडिया से बातचीत करने की इजाजत नहीं होगी। राशिद 2017 के आतंकवादी वित्त-पोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

# मुंबई हवाई अड्डे के अंदर शौचालय के कूड़ेदान में मिला नवजात का शव, जांच शुरू

मुंबई(आरएनएस)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक नवजात का शव मिला है। नवजात का शव मंगलवार 25 मार्च को रात करीब 10:30 बजे हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 में बने शौचालय के अंदर कूड़ेदान में मिला है। इसकी सूचना तुरंत हवाई अड्डा सुरक्षा दल और नजदीकी पुलिस स्टेशन को दी गई। पुलिस ने शिशु को कूपर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और मामला दर्ज कर लिया गया है। हवाई अड्डे की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। अभी तक बच्चे के लिंग की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने बताया कि नवजात शिशु को किसने कूड़ेदान में छोड़ा है, उसकी तलाश की जा रही है। मामला सामने आने के बाद हवाई अड्डे पर हड़कंप मच गया। पुलिस की जांच जारी है। उच्च सुरक्षा वाले टर्मिनल- 2 में इस तरह के वाकये से सुरक्षा अधिकारी हैरत में हैं। इससे पहले भी यहां एक दुर्घटना हो चुकी है। यहां मर्सिडीज-बेंज टूरिस्ट वाहन की टक्कर से 2 विदेशी नागरिक समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।



समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव कन्नौज के बोर्डिंग ग्राउंड में 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ में शामिल हुए.

# एकनाथ शिंदे को गद्दार कहने पर कुणाल कामरा को मिली मारने की 500 से अधिक धमकियां

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर मजाक बनाने और उनको गद्दार कहने पर कॉमेडियन कुणाल कामरा को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

कामरा को अभी तक 500 से अधिक धमकियों भरी कॉल और मोबाइल संदेश मिल चुके हैं। कॉल करने वालों ने उनको जान से मारने और टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दी हैं।

धमकियों के बीच खार पुलिस ने कामरा को नोटिस जारी किया है। कामरा मुंबई से बाहर हैं, उन्होंने 7 दिन का समय मांगा है। कामरा को धमकी देने वालों में सिर्फ शिवसेना कार्यकर्ता या अन्य लोग नहीं, बल्कि महाराष्ट्र कैबिनेट में शामिल शिवसेना गुट से मंत्री भी शामिल हैं। पिछले दिनों राज्य परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शिवसैनिकों द्वारा मुंबई हैबिटेट स्टूडियों में की गई तोड़फोड़ का समर्थन किया था और कहा था कि गलत बोलने पर शिवसैनिक माफ नहीं करेंगे। मंगलवार को जल आपूर्ति मंत्री गुलाबराव रघुनाथ पाटिल ने भी अपने तरीके से सबक सिखाने की बात कही और कहा शिवसैनिक नहीं छोड़ेंगे। कामरा ने हाल में मुंबई में स्थित द यूनिकॉन्टिनेंटल होटल के अंदर बने मुंबई हैबिटेट स्टूडियो में नया भारत नाम का कार्यक्रम किया था,

# आतिशी को दिल्ली हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस, कालकाजी सीट से निर्वाचन को चुनौती का मामला

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने कालकाजी सीट से निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद आतिशी को नोटिस जारी किया है. जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने आतिशी मार्लेना, निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी करने का आदेश दिया. मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी. सुनवाई के दौरान निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील ने कहा कि ये स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि चुनाव याचिका में न तो निर्वाचन अधिकारी और न ही निर्वाचन आयोग को पक्षकार बनाया जाता है. तब कोर्ट ने कहा कि ये आप पर निर्भर है कि आप जवाब में इस पक्ष को रखें. याचिका कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के निवासी कमलजीत सिंह दुग्गल और आयुष राणा ने दायर किया है. याचिका में आतिशी को कालकाजी विधानसभा सीट से निर्वाचन को चुनौती दी गई है. याचिका में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान आतिशी मार्लेना और उनके चुनाव प्रतिनिधि ने भ्रष्ट आचरण का इस्तेमाल किया. याचिका में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले आतिशी मार्लेना के एक निकट सहयोगी को पांच लाख रुपये की नकदी के साथ पकड़ा गया था और वो आतिशी मार्लेना के निर्देश पर मतदाताओं को रिश्वत देने का काम कर रहा था. याचिका में कहा गया है कि ऐसा करना आतिशी मार्लेना ने जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 123(1) के तहत भ्रष्ट आचरण है.

## शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर कॉमेडियन कामरा के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज

नासिक (आरएनएस)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें बढ़ती जा रही है. नासिक के मनमाड थाने में उसके खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है. कुणाल कामरा ने एक गाने के जरिए शिवसेना नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी. मनमाड शहर पुलिस स्टेशन में कुणाल कामरा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का मामला दर्ज किया गया है. इस संबंध में शिवसेना शहर प्रमुख मयूर बोरसे ने विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है. मयूर बोरसे ने नांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुहास कांडे की ओर से यह शिकायत दर्ज कराई है. यह शिकायत नांदगांव और मनमाड शहर दोनों में दर्ज की गई है. सुहास कांदे को डीसीएम एकनाथ शिंदे का करीबी माना जाता है. कुणाल कामरा ने एक गाने के जरिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की. इसके चलते पूरे राज्य में बड़ा हंगामा हुआ.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से आए लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं।



नई दिल्ली में संसद परिसर में लीवर स्वास्थ्य जांच शिविर के उद्घाटन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा देखते हुए।

# दिल्ली में कमल खिला अब बंगाल की बारी, लोकसभा में बोले गृह मंत्री अमित शाह


नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 पर हुई चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता एक ऐसा क्षेत्र है, जो देश में एक प्रकार से हर परिवार को छूता है। हर गांव में कोई न कोई ऐसी इकाई है, जो सहकारिता के माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के काम में जुटी हुई है और देश के विकास में योगदान करती है। इस विधेयक के पारित होने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता का विकास होगा, और सामाजिक समावेशन बढ़ेगा।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यों का परिणाम है कि आज दिल्ली में भी कमल खिल गया और यहां भी आयुष्मान भारत योजना आ गई। देश के हर गरीब को इलाज के लिए पांच लाख रुपये तक खर्च की चिंता नहीं करनी है। अब बंगाल बचा है, चुनाव के बाद वहां भी कमल खिलेगा और आयुष्मान भारत आ जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड को एक राष्ट्रीय कोऑपरेटिव संस्था बनाया है। इनके माध्यम से देश के किसानों का उत्पाद विदेशों में निर्यात करने का काम चल रहा है। अब तक 12 लाख टन सामग्री दुनिया के विभिन्न बाजारों में बेचकर इसका मुनाफा सीधा किसानों के पास पहुंचाया गया है।

अमित शाह ने कहा कि कई साल तक बड़े-बड़े कोऑपरेटिव लीडर कृषि मंत्री रहे, लेकिन सहकारी चीनी मिलों के समक्ष इनकम टैक्स की जो समस्या थी, वह कभी समाप्त नहीं होती थी। सहकारिता मंत्रालय बनने के बाद साल 2022 में एक असेसमेंट की समस्या को मोदी सरकार ने हमेशा के लिए समाप्त कर दिया, जो 2016 से चल रही थी।

उन्होंने कहा कि सहकार से समृद्धि सिर्फ एक नारा नहीं है, इसे जमीन पर उतारने के लिए साढ़े तीन साल में सहकारिता मंत्रालय ने दिन-रात एक किया है। आने वाले दिनों में कुछ ही महीनों में कोऑपरेटिव बेसिस पर ओला-ऊबर जैसी एक बहुत बड़ी कोऑपरेटिव सहकार टैक्सी आने वाली है और इसका मुनाफा किसी धन्नासेठ के हाथ में नहीं जाएगा, वह ड्राइवर के पास जाएगा।



राजस्व खुफिया निदेशालय ( डीआरआई ) ने मंगलवार को दावा किया कि केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी करते हुए पकड़ी गई सैंडलवुड अभिनेत्री रान्या राव ने कथित तौर पर तस्करी के सामान को खरीदने के लिए हवाला चैनलों के माध्यम से धन जुटाया था। डीआरआई के अनुसार, जैन ने अभिनेत्री रान्या राव द्वारा 11 जनवरी, 2025 को देश में लाए गए 14.568 किलोग्राम सोने की तस्करी में मदद की। जब्त किए गए सोने की कीमत 11,55,97,000 रुपये है, जिससे लगभग 4,46,61,919 रुपये का सीमा शुल्क घाटा हुआ।



# उतार-चढ़ाव से भरा रहा मेरा करियरः शरवरी वाघ



अभिनेत्री शरवरी अभिनय के क्षेत्र में पांच साल का समय बिता चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने कई शानदार फिल्में दीं। उन्होंने बताया कि उनका सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है।

शरवरी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत द फॉरगॉटन आर्मी - आजादी के लिए वेब सीरीज से की थी, जिसमें उनके साथ सनी कौशल मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद वह बंटी और बबली 2 में नजर आईं। धीमी शुरुआत के बाद अभिनेत्री मुंज्या, महाराज और वेदा जैसी हिट फिल्मों में काम कीं, जिन्हें काफी पसंद किया गया।

शरवरी ने बताया, मैं अपने सफर के लिए आभारी हूं, जो उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। मैंने हर दिन कुछ नया सीखा है। मुझे लगता है कि यह शुरुआत है। मुझे लंबा सफर तय करना है।

शिव रवैल के निर्देशन में तैयार अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' में शरवरी वाघ अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी। कैट फूड शिबा के कैंपेन लॉन्च कार्यक्रम में हिस्सा लेने नई दिल्ली पहुंची शरवरी ने आलिया के साथ काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया। शरवरी ने कहा, आलिया शानदार अभिनेत्री के साथ ही शानदार इंसान भी हैं और फिल्म में काम कर मुझे जो सबसे बड़ा फायदा मिला, यह था कि मुझे उनसे सीखने को मिला। उन्होंने कहा, मुझे हर दिन सेट पर उनके साथ रहना एक मास्टर क्लास की तरह लगता था। मैंने उनसे जो कुछ भी सीखा है, उसे मैं अपने अगले हर प्रोजेक्ट में लागू करूंगी। मैं आलिया के साथ काम करने का यह अवसर पाकर आभारी हूं। शरवरी की अपकमिंग फिल्म अल्फा के बारे में बता दें कि यह यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इसकी शुरुआत सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म टाइगर फ्रैंचाइज से हुई, पहले एक था टाइगर और उसके बाद टाइगर जिंदा है आई। इसके बाद वॉर, पठान और टाइगर 3 के साथ एक्शन और रोमांच का सफर जारी है। फ्रैंचाइज की आने वाली फिल्मों में अयान मुखर्जी के निर्देशन में तैयार वॉर 2, पठान 2 और टाइगर बनाम पठान शामिल हैं। 'अल्फा' क्रिसमस के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**फिर साथ आए ऋ तिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा 2 को लेकर अटकलें तेज**

ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल अभिनीत जिंदगी ना मिलेगी दोबारा अपनी रिलीज के 13 साल बाद भी प्रशंसकों की पसंदीदा बनी हुई है। जबकि दर्शक जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, इस बीच अब ऋतिक, फरहान और अभय हाल ही में फिर से साथ आए, लेकिन दुख की बात है कि सीक्वल के लिए नहीं। ऋतिक, फरहान और अभय यास आइलैंड के साथ एक विशेष सहयोग के लिए फिर से साथ आए। तीनों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर साझा की और एक संयुक्त पोस्ट में लिखा, समय लगा, लेकिन आखिरकार हमने यस कहा- जिंदगी को यस बोल। प्रशंसकों ने इस पोस्ट पर उत्साह के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की, हालांकि कई लोगों ने अनुमान लगाया कि यह सहयोग किसी विज्ञापन के लिए था।

## पृथ्वीराज सुकुमारन ने लगाई एल2ः एम्पुरान की तीसरी किस्त पर मुहर, कहानी पर काम शुरू

मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता मोहनलाल की आगामी फिल्म एल2ः एम्पुरान का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। यह फिल्म 27 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म मोहनलाल के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

अब एल2ः एम्पुरान की रिलीज से पहले पृथ्वीराज ने फिल्म की तीसरी किस्त पर मुहर लगा ही है। आइए बताते हैं उन्होंने क्या कहा। पृथ्वीराज ने खुलासा किया कि एल2ः एम्पुरान का तीसरा भाग भी बनेगा, क्योंकि इसकी कहानी को पूरा करने के लिए एक और फिल्म चाहिए। पृथ्वीराज ने कहा, एल2ः एम्पुरान का तीसरा भाग भी आएगा,

# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने शेयर किया हॉट लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स से सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने येलो कलर का बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।



कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये स्टनिंग अवतरा देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटा पाना मुश्किल हो गया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- टू मच सेक्सी। तीसरे यूजर ने लिखा है- उफ्फ यू अदाएं। अन्य यूजर ने लिखा है- यू लुक सेक्सी।

## सलमान खान की सिकंदर की एडवांस बुकिंग हो गई शुरू, सामने आया नया प्रोमो वीडियो

सलमान खान स्टारर सिकंदर के शानदार ट्रेलर रिलीज के बाद साजिद नाडियाडवाला ने ऑफिशियल तौर पर एडवांस बुकिंग को लेकर घोषणा कर दी है. इस अनाउंसमेंट ने फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है. फिल्म के ट्रेलर ने पहले ही अपनी एक्शन से भरपूर कहानी, जबरदस्त ड्रामा और सलमान खान की दमदार एक्टिंग से ध्यान आकर्षित कर लिया है. साथ ही फिल्म के गाने भी जबरदस्त हैं और दर्शकों को पसंद आ रहे हैं.

सलमान खान ईद 2025 के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रहे हैं और हाल ही में भाईजान की फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया. वहीं अब सलमान ने फिल्म की एडवांस बुकिंग ओपन होने की डेट भी बता दी है. उन्होंने हाल ही में एक नए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, एडवांस बुकिंग 25 मार्च से शुरू हो गई और सिकंदर 30 मार्च से सिनेमाघरों में आएगी.

रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान की फिल्म को सेंसर बोर्ड ने यू/ए 13+ सर्टिफिकेट दिया है. इसका मतलब है कि 13 से ज्यादा उम्र वाले दर्शक सिकंदर को थिएटर्स में एंजॉय कर सकते हैं. फिल्म के डायरेक्टर ए.आर मुरुगदास ने फिल्म के रनटाइम का खुलासा किया और बताया कि फिल्म का रनटाइम 2 घंटे 30 मिनट और 8 सेकंड होगा.

सिकंदर का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही भाईजान के फैंस के बीच छा गया है, एक बात तो तय है कि सिकंदर में भाईजान का अलग ही एक्शन और स्वैग देखने को मिलेगा. ट्रेलर एक्शन के साथ-साथ इमोशंस से भी भरपूर है. भाईजान की सिकंदर के 3 मिनट 37 सेकंड के ट्रेलर को 24 घंटे से पहले ही 38 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं.

सिकंदर 30 मार्च को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी और अनुमान है कि यह भाईजान की सबसे बड़ी ओपनर बनकर उभरेगी. फिल्म में सलमान खान लीड रोल में हैं और उनके साथ रश्मिका मंदाना पहली बार स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं. इनके अलावा फिल्म में सत्यराज, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी भी अहम रोल प्ले कर रहे हैं.

# थलापति विजय की आखिरी फिल्म की रिलीज डेट का एलान, 9 जनवरी 2026 को आएगी सिनेमाघरों में

तमिल सुपरस्टार थलापति विजय भारतीय सिनेमा में जलवा दिखाने के बाद अब पॉलीटिक्स में एंट्री ले चुके हैं और उनकी अपकमिंग फिल्म थलापति 69 यानि जन नायगन उनकी आखिरी है. फिल्म की अनाउंसमेंट से ही दर्शक इस फिल्म की हर एक अपडेट के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं खासकर इसकी रिलीज डेट का. फैंस का इंतजार खत्म करते हुए विजय ने इसकी रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. फिल्म के प्रोडक्शन हाउस केवीन ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए जन नायगन की रिलीज डेट की घोषणा की. प्रोडक्शन हाउस ने लिखा, जन नायगन 09.01.2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी. यानि फिल्म पोंगल के मौके पर रिलीज होगी. एक्टर विजय के साउथ के साथ ही पूरे भारत में करोड़ों फैंस हैं उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं और अब वे राजनीति में अपना पूरा समय देना चाहते हैं. इसीलिए उनकी इस फिल्म को लेकर फैंस एक्साइटेड हैं. शुरुआत में अक्टूबर 2025 में रिलीज के लिए तय की गई फिल्म के लिए अब मेकर्स ने 9 जनवरी 2026 को पोंगल पर एक ग्रैंड रिलीज की घोषणा की है. अनिरुद्ध रविचंदर इसका म्यूजिक देंगे जो सोने पे सुहागा जैसा है. यह फिल्म विजय के साथ विनोथ का पहला कोलेबोरेशन भी है. जन नायगन साउथ स्टार विजय की आखिरी फिल्म है, इसके बाद वे अपने पॉलीटिकल करियर पर ध्यान देंगे. दिलचस्प बात है कि विजय की इस फिल्म में पॉलीटिक्स पर आधारित होगी. फिल्म के पहले पोस्टर पर लिखा है, द टॉर्च बियरर ऑफ डेमोक्रेसी. इस फिल्म के बाद विजय फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कर देंगे और राजनीति पर फोकस करेंगे. उनकी पॉलिटिकल पार्टी का नाम है- तमिलगा वैत्री कझगम. विजय ने अपनी पहली राजनीतिक रैली में फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने की खबरों पर कहा है, मैं अपना हिट करियर और मोटी कमाई वाली सैलरी को छोड़ आपके पास आया हूं, जनता की सेवा करने आया हूं.

विजय की पिछली रिलीज द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम थी जो बॉक्स ऑफिस ब्लाकबस्टर रही. अब उनकी अपकमिंग और आखिरी फिल्म जन नायगन है जिसके लिए विजय ने अब तक की सबसे ज्यादा 275 करोड़ रुपये फीस ली है. फिल्म की कास्ट के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन फैंस अब बेसब्री से इस फिल्म से जुड़ी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर द डिप्लोमैट की कमाई की रफ्तार धीमी, लाखों में सिमटा कारोबार

जॉन अब्राहम इन दिनों फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की कहानी और खासकर इसमें जॉन के अभिनय ने दर्शकों को उनका मुरीद बना दिया है। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल करती नहीं दिख रही।

यह पहले दिन से ही टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है। आलम यह है कि फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है।

आइए बताते हैं द डिप्लोमैट ने 11वें कितने लाख रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द डिप्लोमैट ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 90 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 26.55 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का अनुमानित बजट 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

# रसोई के सामानों से बनाए जा सकते हैं हर्बल तेल, जानिए कुछ आसान तरीके

हर्बल तेल हमारे बालों और त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकता है। इन्हें घर पर बनाना न केवल सस्ता होता है, बल्कि यह हमें शुद्धता की गारंटी भी देता है।

इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपनी रसोई में मौजूद सामग्री से हर्बल तेल बना सकते हैं।

यह प्रक्रिया सरल है और इसे कोई भी आसानी से घर पर बना सकता है तो आइए इनकी विधि जानते हैं।



नारियल तेल का उपयोग करें

नारियल तेल एक बेहतरीन आधार होता है हर्बल तेल बनाने के लिए।

इसे हल्का गर्म करके उसमें तुलसी, नीम या करी पत्ते डालें। इन पत्तों को अच्छे से मिलाकर कुछ समय तक धीमी आंच पर पकाएं ताकि उनके गुण नारियल तेल में समा जाएं। इसके बाद इसे ठंडा होने दें और छानकर एक बोतल में भर लें।

यह मिश्रण बालों को पोषण देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत भी बनाता है।

जैतून का तेल और लहसुन आएगा काम

जैतून का तेल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है और इसे घर पर बनाना आसान है।

इसके लिए जैतून के तेल में लहसुन की कुछ कलियां डालकर धीमी आंच पर पकाएं। जब लहसुन सुनहरा हो जाए तो इसे ठंडा करके छान लें।

यह हर्बल तेल त्वचा की समस्याओं जैसे मुंहासे और दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है। साथ ही इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा को पोषण देते हैं और उसे स्वस्थ बनाए रखते हैं।

सरसों का तेल और मेथी दाना भी है प्रभावी

सरसों का तेल बालों की जड़ों को मजबूत करने के लिए जाना जाता है।

इसमें मेथी दाना डालकर धीमी आंच पर पकाएं जब तक मेथी दाने भूरे न हो जाएं। फिर इसे ठंडा करके छान लें और बोतल में भर लें।

इस हर्बल तेल से सिर की मालिश करने पर बाल झड़ने की समस्या कम होती है और नए बाल उगने में मदद मिलती है।

तिल का तेल और अदरक भी है कारगर

तिल का तेल शरीर को गर्म रखने वाला माना जाता है, खासकर सर्दियों में इसका उपयोग लाभकारी होता है।

इसमें अदरक के टुकड़े डालकर हल्की आंच पर पकाएं जब तक अदरक अपना रस छोड़ दे। फिर इसे ठंडा करके छान लें और इस्तेमाल करें। यह मिश्रण जोड़ों के दर्द को कम करता है और शरीर को आराम पहुंचाता है।

इन सरल विधियों द्वारा आप अपने घर पर ही विभिन्न प्रकार के हर्बल तेल बना सकते हैं।

# त्वचा पर इन 5 तरीकों से इस्तेमाल करें फिटकरी, चुटकियों में दूर होंगे दाग-धब्बे



मुंहासों की समस्या से हर कोई परेशान रहता है। ये कुछ दिनों में ठीक तो हो जाते हैं, लेकिन अपने जिद्दी दाग पीछे छोड़ जाते हैं।

इन दाग-धब्बों को मिटाने के लिए रासायनिक उपचार उपलब्ध हैं, लेकिन उनके नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। आप इनके बजाय त्वचा की देखभाल करने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

यह सामग्री त्वचा को गहराई से साफ करेगी और निखार बढ़ाएगी। आप फिटकरी को इन 5 तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं।

फिटकरी और ग्लिसरीन का टोनर

सामग्रीः आधा कप पानी, आधा चम्मच फिटकरी पाउडर, तुलसी के पत्ते और ग्लिसरीन की 4-5 बूंदें।

विधिः टोनर बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी उबालें। इसमें फिटकरी का पाउडर और तुलसी डालकर उबलने दें।

जब पाउडर घुल जाए तब इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में भरें और ग्लिसरीन डालकर अच्छी तरह हिला लें।

फायदेः रोजाना इस टोनर का इस्तेमाल करने से त्वचा कसेगी और उसपर मौजूद अतिरिक्त तेल साफ हो जाएगा, जिससे मुंहासे नहीं होंगे।

फिटकरी और मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक

सामग्रीः एक चम्मच फिटकरी पाउडर, 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी और एक चम्मच दूध।

विधिः इस पैक को तैयार करने के लिए एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी और फिटकरी पाउडर को मिला लें। अब धीरे-धीरे इसमें दूध डालते जाएं और लगातार मिलाते हुए गाढ़ा पैक बना लें।

इसे कुछ देर के लिए अपने चेहरे पर लगाकर सूख जाने दें, फिर पानी से धो लें।

फायदेः मुल्तानी मिट्टी और फिटकरी का अनोखा मिश्रण दाग-धब्बों को हल्का करके त्वचा को साफ-सुथरा बना देगा।

फिटकरी का स्क्रब

सामग्रीः एक चम्मच फिटकरी पाउडर और चीनी।

विधिः फिटकरी का कारगर स्क्रब बनाने के लिए एक कटोरी में चीनी और फिटकरी पाउडर को मिला लें। इसे चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से कुछ देर के लिए रगड़ें।

ऐसा करने से आपकी त्वचा एक्सफोलिएट हो जाएगी और गंदगी, तेल, ब्लैकहेड्स और मृत त्वचा साफ हो जाएगी।

फायदेः यह स्क्रब आपकी त्वचा के रोम छिद्रों को गहराई से साफ करेगा और उसे मुलायम बना देगा। साथ ही, इससे मुंहासे भी नहीं होंगे।

फिटकरी और गुलाब जल का फेस पैक

सामग्रीः 2 चम्मच गुलाब जल और 2 चम्मच फिटकरी पाउडर।

विधिः इस फेस पैक को बनाने के लिए फिटकरी पाउडर और गुलाब जल को मिलाएं। इसे तब तक मिलाते रहें, जब तक कि पतला पेस्ट न तैयार हो जाए।

## शब्द सामर्थ्य -364


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 363 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी बरेला विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि चौकी गौर अन्तर्गत जमतरा की ओर एक व्यक्ति कच्ची शराब मोटर सायकल से ले जाने वाला है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जमतरा रेल्वे पुल के ऊपर मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति मोटर सायकल में पीछे तरफएक बोरा लिये दिखाई दिया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम लवकुश बर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खिरहनी थाना बरगी बताया जिसकी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन व्ही 1263 में पीछे तरफरखे बोरा को



## विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उठाए विषयों और प्राप्त उपलब्धियों पर उत्तर मध्य विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने की पत्रकार वार्ता

# लीज होल्ड भूमि की समस्या से निजात मिले, हानिकारक इंडिग्रेडिएंड से होने वाले हार्ट फेल,उच्चशिक्षा,श्रम पर सदन में रखी बात- डॉ अभिलाष पाण्डेय

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश सरकार का वर्ष 2025 का बजट सत्र जो कि दिनांक 10 मार्च से 24 मार्च तक चला उसमें मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सम्माननीय डॉ मोहन यादव जी के कुशल एवं प्रभावी नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश के निरंतर विकास और जन जन के जीवन से जुड़े विषयों पर अनेक निर्णय लिए गए एवं प्रत्येक नागरिक के लिए अनेकों जनकल्याणकारी सौगातें एवं जनहितैषी कार्यों को संपादित किया गया,बजट सत्र में जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के सेवक डॉ अभिलाष पाण्डेय द्वारा जनहित और विकास से जुड़े अनेक प्रश्न उठाए और सदन में अपनी बात रखी जिन पर सरकार द्वारा इस दिशा में त्वरित रूप से कार्य किया जा रहा है ।इस सभी विषयों की जानकारी विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने सेवा सदन में पत्रकार वार्ता के माध्यम से प्रदान की।



डॉ अभिलाष पाण्डेय के द्वारा सर्वप्रथम महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं सरकार के द्वारा सभी क्षेत्रों में जिनमें प्रमुख रुप से शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सेवा और संस्कार हैं इसके अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का समर्थन करते हुए अपनी बात रखी एवं विधानसभा के पटल पर प्रदेश से जुड़े एवं प्रमुख रूप से उत्तर मध्य विधानसभा से जुड़े अनेकों जन सामान्य से जुड़े मुद्दों को पूरी प्रखरता और गंभीरता के साथ उठाया गया एवं संबंधित मंत्रालय एवं माननीय मंत्रियों से सवाल किए गए। विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से डॉ अभिलाष पाण्डेय ने लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड करने एवं राइट टाउन, नेपियर टाउन, गोल बाजार क्षेत्र में लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में संपरिवर्तित किए जाने की प्रक्रिया को मनमाने ढंग जाने किए जाने को लेकर विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से इससे संबंधित विषय पर जवाब मांगा ध्यानाकर्षण के माध्यम से विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम जबलपुर अंतर्गत सुभद्रा कुमार चौहान वार्ड,भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड,दयानंद सरस्वती वार्ड एवं राममनोहर लोहिया वार्ड ,राइट टाउन नेपियर टाउन गोल बाजार क्षेत्र में लीज होल्ड भूमियों के फ्री-होल्ड में संपरिवर्तन किए जाने की प्रक्रिया को मनमाने ढंग से ठप्प कर दिया गया है, वर्तमान में लगभग 250 से 300 प्रकरण लंबित हैं, सैकड़ों प्रकरणों में,लंबित अवस्था में ही लीज अवधि समाप्त हो गयी है, जबकि अधिसूचना में 45 दिवस की अवधि में, फ्री-होल्ड स्वीकृति के निर्देश थे किन्तु मनमाने ढंग से कुछ प्रकरण में एक प्रभारी उपायुक्त की रुचि के कारण 25-30 प्रकरणों को गुपचुप ढंग से कर दिया गया बाकी महीनों से लंबित प्रकरणों को अकारण रोके रखा गया है, और न ही लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

मनमाने ढंग से फ्लैट पर हस्तांतरण शुल्क लिया जा रहा है ये 15000 परिवारों से सीधा जुड़ा हुआ विषय है जिसमें उन्हें कोई असुविधा का सामना न करना पड़े।

प्रश्नों के संदर्भ में विधानसभा में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि इन विषयों पर शीघ्र से निर्णय लेने के निर्देश नगर निगमों को जारी किए गए हैं और टैक्स को एक निश्चित गाइडलाइन के साथ वसूलने के लिए भी सभी निगमों को नियमों को बनाने के लिए कहा गया है जबलपुर निगम में प्रभारी उपायुक्त को हटाने का आदेश जारी करने की बात कही एवं सात दिनों के अंदर इस विषय में नगर निगम से जवाब मांगा है। विधायक डॉ पाण्डेय ने स्वास्थ्य मंत्रालय से लोगों के लिए स्ट्रीट फूड और अन्य खाद्यान्न की गुणवत्ता जांच और उनके विषय में सरकार किस प्रकार से मॉनिटरिंग कर रही है इसको लेकर प्रश्न किया ,

जिसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अब तक 13 हजार 923 लीगल नमूनों की जांच की गई है तथा इसमें 705 नमूने अमानक पाए गए है जिसमें 1199 विक्रेताओं पर केस दर्ज करके 9 करोड़ रुपए जुर्माना भी वसूला गया है,और समय समय पर इस पर कार्यवाही की जा रही है। जिस पर डॉ पांडे ने जबलपुर में केवल 17 नमूनों की जांच होने की बात कही और उत्तर विधानसभा में दो हजार से ज्यादा वेंडर्स के होने की बात कही एवं इसमें तेजी लाकर इस विषय में कार्यवाही करने की बात मंत्री महोदय से की जिस पर मंत्री जी ने कहा कि अत्यंत संवेदनशील विषय है इस पर निश्चित रूप से तेजी से कार्य किया जाएगा तथा स्वास्थ्य के विषयों पर पूरी सजगता के साथ हम निर्णय लेंगे।

खेलनीति,उच्चशिक्षा, ग्रामीण विकास और श्रम से जुड़े विषयों पर

* खेल मंत्रालय से सवाल करते हुए युवाओ को प्रोत्साहित करने के लिए खेल मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, उनके क्रियान्वयन एवं भविष्य की संभावनाओं से जुड़े प्रश्न किए जिसके जबाव में खेल मंत्री विश्वास सारंग ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं ,सुविधाओं एवं चयन प्रकिया के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश 24 स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा है एवं ओलम्पिक,पैरा ओलंपिक में भी पदक प्राप्त किए हैं तथा इसी के आधार पर मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार भी मिले हैं।

माननीय उच्च शिक्षा मंत्री से पी एच डी में बाह्य परीक्षक बुलाए जाने सम्बन्धी विषय एवं उनके नियम और मानदेय पर जवाब मांगा।जिसके जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा नियमावली और संपूर्ण जानकारी प्रेषित की गई।

माननीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री से पंचायतों के डिजिटल करण से जुड़े एवं उसके क्रियान्वन के विषय में प्रश्न किए जिसके जवाब में मंत्री प्रहलाद पटेल के द्वारा बताया गया कि सभी 23011 पंचायतें डिजिटल रूप से जुड़ी हुई हैं एवं पंचायत दर्पण पोर्टल एवं ऐप के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं पंचायती विभाग का संपूर्ण कार्य संचालित किया जा रहा है।

# पनागर जुपिटर संघ्र कार्यकारणी का गठन आनंद जैन मिंचू अध्यक्ष नियुक्त हुए



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत दिवस भारतीय मजदूर संघ्र जे.डब्लू.एल. जुपिटर श्रमिक संघ्र वैगन लिमिटेड इमलई देवरीखुद पनागर का रजिस्टेश्रन पेनल जुपिटर प्रबंधक को सोपा गया जिसमें नवीन कार्यकारण का गठन हुआ आनंद जैन मिंचू अध्यक्ष कर्मचारी संघ्र, एवं गुडडू गोटिया महामंत्री, कोमल पटैल कार्यवाहक, उपाध्यक्ष संतोष पटैल, रज्जन पटैल, सुनील पटैल, सयुक्त महामंत्री संतोष पटैल, मंत्री संदीप पटैल, रिंकू केवट, आलोक पटैल, नीलम पटैल, कोषाध्यक्ष कपिल पटैल, कार्यलय मंत्री हरी केवट, प्रचार मंत्री शारांश पटैल, कार्यकारणी का गठन हुआ । नवीन कार्यकारणी के गठन से कर्मचारी में बीच हर्ष एवं उमंग है। भारतीय मजदूर संघ्र जे.डब्लू.एल. जुपिटर श्रमिक संघ्र वैगन लिमिटेड नवीन कार्यकारण का गठन के दौरान भारतीय मजदूर संघ्र प्रदेशमंत्री अजय विश्वकर्मा, राहुल सिंह जिला अध्यक्ष, शैलेन्द्र साहू अध्यक्ष नगरमण्डल पनागर, पूर्व नगरमण्डल अध्यक्ष अंकुर जैन, सर्वेश मिश्रा, गोवर्धन खेटपाल, अनिल गौतम,रामनिवास गुडडू गौतम, संतोष सैनी, संतोष साहू रैपुरा सरपंच मिहीलाल केवट, पार्षद मुकेश वंशकार, पूर्व पार्षद राजेश तिवारी, अब्बास मंसूरी, मंडल उपाध्यक्ष डॉ.सुरेश पटैल, प्रवीण मिश्रा, सतीष पटैल, सचिन पटैल, मीडिया प्रभारी सोनू कुशवाहा, प्रदीप गौतम, डी.के सेन, अतुल सैनी, रोशन तिवारी, एवं मेरे साथी सभी जुपिटर श्रमिक संघ्र के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी को अपना सहयोग आशीर्वाद प्रदान किया उसके लिए सभी कर्मचारी सदस्य गण सभी सम्मानीय जनों का हृद्य से आभारी हूँ।

## भाजपा क्षेत्र संगठन मंत्री ने संभाग के निकायों के जनप्रतिनिधियों की संभागीय बैठक को किया संबोधित

# जनहित के लिए अपने निकायों में नवाचार करे जनप्रतिनिधि- अजय जामवाल





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहरी क्षेत्र ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के चुने हुए सभी जनप्रतिनिधियों को अपने निकाय के जनता के हित से जुड़े कार्य करते हुए ऐसे नवाचार करना चाहिए जिसका अनुसरण बाकी लोग भी करे तब आपकी पहचान एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में होगी, यह बात भाजपा के क्षेत्र संगठन मंत्री श्री अजय जामवाल ने जबलपुर संभाग के निकायो के। जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में कही।

जबलपुर संभाग के महापौर, निगम अध्यक्ष, नगर पालिका निगम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जिला व जनपद पंचायतों के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्षों एवं भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर आयोजित बैठक में सागर संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मुकेश चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल मंचासीन थे। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्र संगठन मंत्री श्री अजय जामवाल ने कहा नगरीय और ग्रामीण निकाय के चुने हुए जनप्रतिनिधि जिनमे पंच, सरपंच, पार्षद, नगर निगम नगर पालिका, नगर परिषद, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का सीधा संपर्क जनता से होता है और अपनी छोटी से छोटी समस्याओं के लिए आपके पास आते है जनता अपने जनप्रतिनिधि से ही उम्मीद करती है इसीलिए जन समस्याओं को सुनना और उनका निराकरण करना जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है, ऐसे में आपकी जिम्मेदारी भी है कि उन्हे आपके माध्यम से राहत मिले, साथ ही सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य भी आपके द्वारा ही नीचे तक हो सकता है इस हेतु आपकी जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ जाती है। संगठन मंत्री श्री जामवाल जी ने बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रम को आयोजित करने हेतु दिशा निर्देश व मार्गदर्शन दिए। जिनमे 30 मार्च को मन की बात कार्यक्रम, 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस कार्यक्रम को बूथ स्तर पर मानने के साथ ही आजीवन सहयोग निधि में हर कार्यकर्ता का योगदान हो इस पर चर्चा की। बैठक में जबलपुर नगर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जबलपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, मंडला जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, सिवनी जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, डिंडोरी जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जबलपुर जिप अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटिया, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम आहके के साथ जबलपुर संभाग के जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका एवं नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष उपस्थित थे।

## विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने की नागरिकों की चिन्ता भोंगाद्वार जलशोधन संयंत्र से प्रदूषित पेयजल आपूर्ति की जानकारी लगते ही निरीक्षण करने मौके पर पहुॅंचे

# जल को लेकर कोई भी लापरवाही ना करें अधिकारी - लापरवाही पाये जाने पर की जायेगी कठोर कार्रवाई - विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भोंगाद्वार जलशोधन संयंत्र से प्रदूषित जलापूर्ति की खबर लगते ही केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने नागरिकों की चिन्ता करते हुए तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों के साथ मौके पर पहुॅंचे और जलशोधन संयंत्र के रखरखाव की व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छ पेयजलापूर्ति के संबंध में जानकारी ली तथा जल की जॉंच भी करवाई। इस अवसर पर विधायक श्री रोहाणी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलशोधन संयंत्र के रखरखाव उत्तम ढंग से रखें और स्वच्छ पेयजल ही नागरिकों को सप्लाई कराएँ, इस कार्य में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेयजलापूर्ति के संबंध में कोई भी लापरवाही किसी की दिखाई देती है तो उन अधिकारियों को विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।



विधायक श्री रोहाणी ने फिल्टर प्लांट व लैबोरेट्री का निरीक्षण करते हुए मौके पर ही केमिस्ट से पानी की शुद्धता की जांच कराई और गंदे पानी की अफवाहों का खंडन किया साथ ही सभी निगम कर्मचारियों को हिदायत दी की जल को लेकर कोई भी लापरवाही ना करे अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। उपस्थित निगम अधिकारियों ने बताया कि जो जलापूर्ति भोंगाद्वार फिल्टर प्लांट से की जा रही है, वह एकदम शुद्ध है, किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष आशीष राव, सुंदर अग्रवाल, आशीष दास चौधरी, संतोष रजक, संतोष यादव, अनिल प्रताप ठाकुर, बृजलाल चौधरी, आशुतोष दुबे, राजकुमार वंशकार, सहित सभी निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी ने किया अपना सम्पत्तिकर का भुगतान

जबलपुर। आज नगर निगम के एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी ने शहर विकास में सहयोग प्रदान करते हुए अपना सम्पत्तिकर जमा किया। इस संबंध में अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान नगर निगम द्वारा वार्डवार एवं संभागवार चलाया जा रहा है। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि आज एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी के द्वारा सम्पत्ति कर के रूप में 12 हजार रूपये का चेक सौपा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समस्त जनप्रतिनिधि भी आगे आकर समस्त बकाया करों की राशि जमा करें एवं करदाताओं से भी अपील करें कि समस्त बकाया करों की राशि 31 मार्च के पूर्व ऑनलाईन जमा कर विशेष छूट का लाभ उठाएँ। इस अवसर पर संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



# मंडल के 23 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर रेल मंडल में आज मण्डल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम मे अपनी आवश्यक रेल सेवा पूर्ण करने पर 23 रेल कर्मचारियों को आवश्यक रेल सेवा पूर्ण होने पर डीआरएम श्री कमल कुमार तलरेजा द्वारा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल तथा सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज देकर विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में सर्व श्री पी थॉमस कोसी, अयूब खान, विनोद कुमार शुक्ल, अनूप कुमार गौर, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र नाथ वर्मा, प्रदीप कुमार पवारिया, राम प्रकाश द्विवेदी आदि प्रमुख थे।

सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी के माध्यम से किया गया। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में श्री कमल कुमार तलरेजा के साथ ही वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा के साथ ही कार्मिक एवं लेखा विभाग के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# एपीआई जबलपुर चैप्टर की वार्षिक कॉन्फ्रेंस 29 मार्च 2025 से उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल होंगे शामिल, देश के कोने-कोने से पहुंचेंगे विशेषज्ञ, नवीनतम तकनीकों व शोधों पर करेंगे विचार मंथन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इंडिया (एपीआई),जबलपुर चैप्टर के तत्वाधान में वार्षिक कॉन्फ्रेंस 26व्वीं मेडिसिन अपडेट 2025 का आयोजन 29 व 30 मार्च को विजन महल, तिलहरी में किया जायेगा, आयोजक एपीआई के अध्यक्ष डॉ. नवीन शर्मा व एपीआई के सचिव डॉ. अखिलेश तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य इंटरनल मेडिसिन के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोधों को सामने लाना है, देश के कोने-कोने से पहुंच रहे विशेषज्ञ यह भी बताएंगे कि तकनीक के जरिए किस तरह आज इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। इंटरनल मेडिसिन्स में एआई की भूमिका क्या है ? हार्ट अटैक में क्या नया है? लीवर ट्रांसप्लांट में कौन सी नई तकनीकें आई हैं? मल्टीड्रग रजिस्टेंस और नई एंटीबायोटिक्स का संबंध क्या है ? कुछ ऐसे ही प्रश्नों के उत्तर अपने लेक्चर के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा दिए जाएंगे। पैनल डिस्कशन में चिकित्सा जगत के वर्तमान मुद्दो व चुनौतियों पर चर्चा होगी। शोधकर्ता व छात्र अपने कार्य को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान लाइफ टाइम अचीवमेंट व अन्य अवॉर्ड भी प्रदान किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित अवॉर्ड वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री व लोक कल्याण व चिकित्सा शिक्षा मंत्री माननीय श्री राजेंद्र शुक्ल जी होंगे। अध्यक्षता सांसद जबलपुर माननीय श्री आशीष दुबे जी करेंगे। विशिष्ट अतिथि पाटन विधायक माननीय श्री अजय विश्नोई जी रहेंगे। वहीं इससे पूर्व 29 मार्च 2025 को शाम 8 बजे कार्यक्रम काशुभारंभ मेडिकल कॉलेज डीन जबलपुर प्रोफ। डॉ. नवनीत सक्सेना जी के स्वागत उदबोधन से होगा। आयोजन समिति में डॉ. सुरेश पटेल, डॉ. आशीष पटेल, डॉ आनंद बहरानी, डॉ. एस के मिश्रा, डॉ.अश्वनी पाठक, डॉ.अनुपम श्रीवास्तव, डॉ. संजय नेमा, डॉ. एच पी एस चंदेल शामिल हैं।



ये विशेषज्ञ होंगे शामिल

राष्ट्रीय वक्ताओ में डॉ. प्रशांत विलास भांगुई (गुरुग्राम), डॉ.भास्कर शाह (मुंबई) , डॉ. पीयूष ओझा (गुरुग्राम), डॉ. मनीषा जैन (गुरुग्राम ), डॉ. श्रीराम अग्रवाल (होशंगाबाद) शामिल होंगे। वहीं विषय विशेषज्ञ डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. एमएस जौहरी, डॉ. आशीष एस. डेंगरा, डॉ. प्रीतिक्षा पिपलेश्वर, डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ. अमित बी. किनरे, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. ब्रह्मा प्रकाश, डॉ. पंकज कुमार असाटी, डॉ. भाविक धीरावाणी, डॉ. रवि कुमार दोहरे, डॉ. आलोक बंसल, डॉ. दीपक एस. बहरानी, डॉ. नीरज जैन और डॉ. तरुण नागपाल विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त करेंगे।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। । रांझी थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात पुलिस ने बोरे में अवैध हथियारों का जखीरा लेकर जा रहे एक किशोर को पकड़कर उसके पास से पिस्टल, 7 चाकू, 4 तलवार व लोहे की रॉड आदि जब्त किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह हथियार कहां से लाया था और किसे देने जा रहा था। जानकारी के अनुसार बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि मरघटाई के पास एक 16 वर्षीय बालक बोरे में हथियार रखकर ले जा रहा है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की और उसे दबोच लिया।



# ईद-नवरात्र पर न हो मांस की बिक्री, बहुत सी आबादी को है इससे परहेज-मंत्री राकेश सिंह



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने नवरात्रि व ईद पर मांस-मटन की बिक्री बंद करने की बात कही है. जबलपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए राकेशसिंह ने कहा कि देश की बहुसंख्यक आबादी आमतौर पर इस बात से परहेज करती है कि उनके घर मांस आए या फिर उनके घर के सामने मांस की दुकान खुले. उन्होंने कहा कि किसी तीर्थ क्षेत्र के आसपास मांस की बिक्री न हो, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए.

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह विषय जनभावनाओं से जुड़ा हुआ है, इसलिए परस्पर भाईचारा बनाए रखने के लिए एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है. इससे पहले 30 मार्च से नवरात्रि व 31 मार्च को ईद का त्योहार होने के चलते उत्तर प्रदेश व बिहार में भाजपा विधायकों ने त्योहारों के दौरान मांस-मटन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है. ईद के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाखों मुस्लिम परिवारों को दिए जाने वाले सौगात ए मोदी तोहफे को लेकर केंद्र में शुरू हुई सियासत अब मध्य प्रदेश में भी चर्चा का विषय बन गई है.

प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने इस मुद्दे पर विपक्ष पर तीखा हमला बोला है. मंत्री राकेशड्क्षसह ने कहा कि विपक्ष सहित कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी अल्पसंख्यकों के लिए ठोस कार्य नहीं किया, बल्कि उन्हें गुमराह करने की राजनीति जरूर की है. श्री सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला हक मुसलमानों का है. विपक्ष ने हमेशा मुसलमानों के लिए बड़ी-बड़ी बातें की हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने जमीन पर उनके लिए काम किया है.

**कामेडी पर मजाक उड़ाना ठीक नही-**

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर विवादित कविता सुनाने वाले कॉमेडियन कुणाल कामरा पर मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी व्यक्ति का मजाक उड़ाना उचित नहीं है. राकेश सिंह बोले कॉमेडियन कुणाल कामरा की पूर्व में भी की गई विवादास्पद टिप्पणियों के कारण पूरा देश आक्रोशित हो चुका है. उन्होंने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल का मामला नहीं है बल्कि किसी भी व्यक्ति या उसके व्यक्तित्व पर सवाल उठाना अनुचित है. ऐसे बयान समाज में नफरत और अशांति का माहौल पैदा करते हैंए इसलिए ऐसे मामलों में संयम और जिम्मेदारी की आवश्यकता है.

## सड़क दुर्घटना

**जबलपुर-** थाना कुण्डम में दिनेश रैकवार उम 25 वर्ष निवासी संजय नगर कुण्डम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है दिनांक 26-3-25 को वह एवं उसके साथी राजेश राव, गोविन्द रैकवार, बच्चू सभी सेंटिंग का काम करने के लिये बड़खेरा गये थे दोपहर लगभग 1-30 बजे घर जाने के लिये साधन का इंतजार कर रहे थे लेकिन साधन नहीं मिलने से हम चारों पैदल इमलई तरफकाफी दूर तक निकल गये थे एवं रोड़ किनारे खड़े होकर साधन का इंतजार कर रहे थे तभी बड़खेरा तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 19 बी बी 0412 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके तीनों साथियों को टक्कर मार दिया जिससे तीनों के हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गईं, टक्कर मारने वाली कार का चालक रूका एवं तीनों घायलों को उसी कार से उपचार हेतु जबलपुर लाये तथा घायलों के विधान अस्पताल में भर्ती कराये

# मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में जज के सामने बोले वकील- यहां तमाशा चल रहा है, दिल्ली में जो हुआ, वह भी देखा जाए, सीएम को बोलता हूं

**वकील की टिप्पणी पर अदालत ने लिया सख्त रुख मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजने का निर्णय**



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** इस कोर्ट में चार घंटे से तमाशा चल रहा है, मैं बैठा देख रहा हूं। हाई कोर्ट जज दूसरी जगह जाकर कहते हैं कि नए जज की नियुक्ति करो। जजेस का हाल तो देखो, दिल्ली में जो हुआ वह भी देखा जाए। यहां पेंडेंसी बढ़ रही है और हमें परेशान किया जा रहा है। मैं आज शाम को जाकर मोहन यादव (मुख्यमंत्री) को बोलता हूं। ये केस 20 बार लग चुका है, बड़ी मुश्किल से आज नंबर आया। मैं अपने केस की बहस यहां नहीं करना चाहता, मेरा केस दूसरी बेंच में भेज दीजिए।% यह टिप्पणी मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर स्थित मुख्य खंडपीठ की न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की एकलपीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता पीसी पालीवाल ने कर दी। इस पर न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की एकलपीठ ने इस टिप्पणी को अदालत की अवमानना मानते हुए प्रकरण कार्रवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत को भेज दिया है। इसके साथ ही अधिवक्ता की भाषा को असंतोषजनक, अनुचित और अपमानजनक पाते हुए प्रकरण की सुनवाई भी स्थगित कर दी। दरअसल, छिंदवाड़ा के राजहंस बगाडे व अन्य की ओर से एक आपराधिक प्रकरण में अपील पर सुनवाई हो रही थी।

मामला पांढुर्णा में हुई मारपीट की एक घटना से जुड़ा है। बहुत देर तक सुनवाई का नंबर नहीं आने पर अधिवक्ता ने भरी कोर्ट में टिप्पणी कर दी। अधिवक्ता पालीवाल ने अपनी टिप्पणी में यह भी कहा कि उन्होंने लगभग 20 बार संपर्क कर आग्रह किया कि यह मामला किसी अन्य पीठ को स्थानांतरित कर दिया जाए, क्योंकि वह वर्तमान पीठ के समक्ष बहस नहीं करना चाहते। इसी टिप्पणी को कोर्ट ने गंभीरता से लिया।

क्या था मामला -पांढुर्णा में हुई एक मारपीट की घटना को लेकर हाई कोर्ट में अपील दायर की गई थी। इस केस में पूर्व में दिए गए आदेश के खिलाफ क्रिमिनल रिवीजन अपील दायर की गई थी। इसकी सुनवाई न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की एकल पीठ के समक्ष हो रही थी। सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता के अधिवक्ता ने आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया, जिसके बाद सुनवाई स्थगित कर प्रकरण मुख्य न्यायाधीश को भेजने का निर्णय ले लिया गया।

**31 मार्च के पहले सभी व्यापारी कराएँ लाइसेंस नवीनीकरण ~ अन्यथा 1 अप्रैल से 100 प्रतिशत लगेगा अधिभार**

# निगम स्वामित्व की दुकानों का बकाया किराया राशि जमा न करने पर आवंटन होगा निरस्त - निगमायुक्त प्रीति यादव

**बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने सभी दुकानदारों को नोअस जारी कर 24 घंटे के अंदर बकाया राशि जमा करने का दिया अल्टीमेटम**

जबलपुर। वर्तमान वित्तीय वर्ष में बड़े जोरशोर से नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सम्पत्तिकर, जलकर, के साथ-साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुल्क के अलावा भवनों एवं नगर निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया भी जमा कराया जा रहा हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह प्रतिदिन राजस्व वसूली अभियान को गति प्रदान करने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। इसी कार्रवाई के अंतर्गत आज बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार उन सभी दुकानदारों को 24 घंटे का नोटिस जारी किया गया है जिनके द्वारा अभी तक बकाया किराया जमा नहीं किया गया है। इस संबंध में बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर बकाया किराया जमा नहीं किया जाता है तो दुकान आवंटन निरस्त कर कब्जा लेने तथा दुकान में तालाबंदी की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि नए व्यापारियों के लिए लायसेंस बनाने तथा पुराने लायसेंस का नवीनीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। यह व्यवस्था नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों के साथ-साथ जार्ज टाउन स्कूल परिसर में लायसेंस एजेन्सी संचालक कार्यालय से भी किये जा रहे हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नगर निगम से लायसेंस लेकर ही स्वाभिमान के साथ व्यापार करें और पुराने लायसेंस का 31 मार्च के पहले नवीनीकरण कराएँ और 100 प्रतिशत लगने वाला पेनाल्टी से बचें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने व्यापारियों से लाइसेंस लेकर ही व्यापार करने और निगम की आवंटन निरस्त एवं तालाबंदी जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचने अपील की है।

# उत्तर प्रदेश के युवक ने शादी का झांसा देकर जबलपुर में पीएचडी कर रही युवती के साथ किया दुष्कर्म

**युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म-पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपित की तलाश शुरू-गर्भवती होने पर दवाई देकर उसका गर्भपात कराया था।**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** खमरिया थाना क्षेत्र के एक तकनीकी संस्थान में पीएचडी कर रही एक युवती के साथ उसके दोस्त ने विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म किया। युवती की सोशल मीडिया के माध्यम से युवक से से पहचान हुई थी, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। इसके बाद युवक ने युवती लखनऊ बुलाकर अपने फ्लैट पर उसके साथ दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर धोखे से उसका गर्भपात कराया। बाद में विवाह की बात से मुकर गया। गत वर्ष नवंबर में जबलपुर आकर युवती से विवाह की बात भूलने के लिए धमकाया।

खमरिया पुलिस ने दर्ज किया केस

इसके बाद युवती ने आरोपित के विरुद्ध खमरिया पुलिस को दुष्कर्म शिकायत की। पुलिस ने शून्य पर मामला पंजीबद्ध किया है। घटनास्थल लखनऊ होने के कारण केस डायरी उत्तर प्रदेश पुलिस को जांच के लिए भेज दी। 2022 में सोशल मीडिया पर हुई थी दोस्ती पीड़ित युवती उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। वर्ष 2021 में उसने जबलपुर के तकनीकी संस्थान में एचडी में प्रवेश लिया। उसकी वर्ष 2022 में सोशल मीडिया पर में सुल्तानपुर के अभिनव श्रीवास्तव से दोस्ती हुई। उनके बीच आपस में चैट होने लगी, एक बार छात्र जब अपने घर से जबलपुर आ रही थी लखनऊ में उसकी ट्रेन छूट गई। तब उसने अभिनव से मदद मांगी। इस दौरान अभिनव स्टेशन में उससे मिलने गया और दोनों के बीच मोबाइल नंबर एक्सचेंज हुआ और आपस में बात होने लगी। यह दोस्ती कुछ ही दिन में प्यार में बदल गई।

**नैनीताल घूमने की बात कही**

वर्ष 2023 में युवक ने युवती को नैनीताल घूमने का प्रस्ताव दिया। उसने बताया कि उसका दोस्त, दोस्त की पत्नी और वह नैनीताल घूमने जा रहे हैं। युवती ने पहले तो मना किया फिर अभिनव के आग्रह पर नैनीताल जाने के लिए तैयार हो गई। नैनीताल जाने के लिए युवती के जुलाई 2023 में लखनऊ पहुंचने पर अभिनव उसे स्टेशन से पीजीआई स्थित हिमालय इन्क्लेव अपार्टमेंट ले गया। जहां आरोपित ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद चारों नैनीताल पहुंचे। वहां अभिनव ने अपने दोस्त और उसकी पत्नी के बीच झगड़े का बहाना बनाकर युवती को अपने होटल रूम में रुकने के लिए मजबूर किया। वहां भी उसने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद जब भी युवती अपने घर आती-जाती लखनऊ में दोनों की मुलाकात होने लगी। अक्टूबर 2023 में आरोपित युवक जबलपुर आया। युवती के साथ भेड़ाघाट एवं अन्य स्थानों पर घूमा। अपने माता-पिता से बात कर यूपी से जल्द विवाह करने का वादा किया। नवंबर में युवती को पता चला कि वह गर्भवती है। उसने युवक को बताया तो पहले गर्भपात के लिए बोला। युवती के मना करने पर आरोपित ने विवाह की बात करने के लिए उसे मिलने लखनऊ बुलाया। जहां अपने फ्लैट में उसे जूस में मिलाकर गर्भपात की दवा दे दी। उसका गर्भपात हो गया, युवती के विरोध जताने पर युवक ने उसके साथ फिर विवाह का वादा किया। उसे समझाकर जबलपुर वापस भेज दिया। जबलपुर आने के कुछ दिन बाद युवती ने जब फोन करके विवाह के लिए पूछा तो आरोपित उसे अपशब्द कहने लगा। शादी से मना किया, युवती ने शिकायत करने की बात कहीं तो शादी के लिए 50 लाख रुपए दहेज घर वालों द्वारा मांगे जाने की बात कहने लगा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ढाई लाख की धोखाधड़ी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । ग्वारीघाट थाना क्षेत्र स्थित पीपी कॉलोनी में रहने वाले एक युवक को नौकरी लगवाने का झांसा देकर ढाई लाख की धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत पर मंगलवार की रात मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार पीपी कॉलोनी निवासी शुभम राव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कुछ समय पूर्व उसकी मुलाकात सुमित पांडे से हुई थी। सुमित ने उसे बताया कि वह लोन विभाग में डीएसए है। अपने विभाग में ही वह उसकी नौकरी लगवा सकता है। उसने इसके लिए शुभम से ढाई लाख की मांग की। उसकी बातों में आकर शुभम ने ढाई लाख रुपए ऑनलाइन सुमित के खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम देने के बाद नौकरी नहीं लगने पर शुभम ने उसे फोन लगाया तो उसने उसका फोन उठाना बंद कर दिया। अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चलने पर शुभम ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।


**पश्चिम मध्य रेल**
**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना संख्या वरि.मं.सा.प्र./ईपीएस/66/2025)**

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाये आमंत्रित करते हैं। इसमें हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए **https://ireps.gov.in** पर ई-निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| Sr. No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. | Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 94245423 | Joint less Grooved Hard drawn copper contact wire 107 sq.mm | 6.5 MT, 0.09 MT | 24-APR-2025 |

*वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.*

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/717/ दिनांक 27.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री सत्येन्द्र पुर्ते, पिता- इंदर सिंग पुर्ते, 2. श्री पवन सिंह पुर्ते, पिता- इंदर सिंग पुर्ते** ने मकान नं. 356 पिन नं.1000470351 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 743 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 743 व.फु., **विक्रयपत्र, सहमति पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 356 पूर्वी करिया पाथर, सरकारी कुंआ पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/716/ दिनांक 27.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सतीश खण्डेलवाल, पिता- हरी प्रसाद खण्डेलवाल** ने मकान नं. 972 पिन नं....... **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 2211 व.फु., आर.सी.सी. 121 व.फु., प्रथमतल सीमेन्ट टीन 500 व.फु., सीमेन्ट टीन 300 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 972 मसूर कला मंदिर, द्वारका नगर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/352 2024-25 दिनांक 27/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000619954 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अभय सिंह ठाकुर, पिता श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर,** के स्थान पर आवेदक **श्री निखिल सुहाने, पिता श्री तारेन्द्र सुहाने,** ने **मकान नं. 236 वार्ड क्र.- 10 , .......... वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/351 2024-25 दिनांक 27/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000619954 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अभय सिंह ठाकुर, पिता श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर,** के स्थान पर आवेदक **श्री आशीष पाठक, पिता- अशोक कुमार पाठक,** ने **मकान नं. 236 का भाग वार्ड क्र.- 10 , .......... वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/353 2024-25 दिनांक 27/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000512028 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती शिप्रा पाल, पति श्री बिजोय पाल** के स्थान पर आवेदक **कु. मीना सोलंकी, पिता श्री विषंजी रतनजी सोलंकी** ने **मकान नं. 1063/3 वार्ड क्र.- 13 , .......... वार्ड,** द्वितीयतल 680 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/348 2024-25 दिनांक 26/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000505723 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती हरजीत कौर, पति- स्व. श्री सरदार इकबाल सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्री मोनिक शाह, पिता- स्व. श्री अरविन्द कुमार शाह** ने **मकान नं. 1693 गंगा सागर वार्ड क्र.- 14 , .......... वार्ड,** क्षेत्रफल 1224 व.फु., भूतल 1224 व.फु. टीन शेड, **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/350 2024-25 दिनांक 27/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000508285 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री पवन राबरा, पिता श्री हरी किशन राबरा,** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती अमिता साहू, पति श्री रामजी साहू एवं श्रीमती एकता साहू, पति श्री संतोष कुमार साहू** ने **मकान नं. 483/14 वार्ड क्र.- 12 , .......... वार्ड,** बेसमेन्ट 200 व.फु. आर.सी.सी., **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/349 2024-25 दिनांक 26/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000622745 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री रघुवीर सिंह/ स्व. श्री गुरूमुख सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती शुभि गढ़ेवाल, पति - श्री खुमेश गढ़ेवाल एवं श्री खुमेश गढ़ेवाल, पिता- श्री कन्हैया लाल गढ़ेवाल** ने **मकान नं. 878 वार्ड क्र.- 10 , .......... वार्ड,** क्षेत्रफल 2775 व.फु., भूतल 1004 व.फु, **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/270 दिनांक 27.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती मीना मिश्रा, पति- स्व. श्री बिन्देश्वरी प्रसाद मिश्रा, श्री अनिल मिश्रा एवं श्री संजय मिश्रा, पिता- स्व. श्री बिन्देश्वरी प्रसाद मिश्रा** ने मकान नं. 616 ध 11 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 700 व.फु., भूतल 700 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/269 दिनांक 27.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री देवेन्द्र पटैल, पिता- श्री सोने लाल पटैल** ने मकान नं. 304/2/ ई. (एम.आर.-63) **वार्ड चितरंजन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1100 व.फु., प्रथमतल 1100 व.फु., द्वितीयतल 100 व.फु., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/268 दिनांक 27.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मनोज मेहरा एवं श्री विनोद महोबिया, पिता- श्री शारदा प्रसाद महोबिया** ने मकान नं. खसरा नं. 195/1 का हिस्सा बाबा मार्केट **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** भूतल 126 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/एम/321 जबलपुर दिनांक 26.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती पूजा बाजपेई, पति- स्व. श्री आशीष बाजपेई** ने मकान नं. 3434/पी-277 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353597, क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 480 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/एम/322 जबलपुर दिनांक 26.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती विनीता मेहरा (झारिया), पति- स्व. श्री दवेन्द्र कुमार झारिया** ने मकान नं. 3317/1 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000352167, क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 950 व.फु., प्रथमतल 950 व.फु. किरायेदार रहवास, द्वितीयतल 80 व.फु., **विक्रयपत्र, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/एम/320 जबलपुर दिनांक 26.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राम कुमार चौबे, पिता- श्री सियाराम चौबे** ने मकान नं. खसरा नं. 164/3/2/1 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1004432417, क्षेत्रफल 763 व.फु., भूतल 763 व.फु., प्रथमतल 763 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999